**8. किस वाक्य में सार्वनामिक विशेषण प्रयुक्त हुआ है?**[SI 15.09.2021]
(A) वे कल जा रहे हैं। (B) आप तो महान हैं।
(C) कोई आदमी आया था । (D) वह पुस्तक पढ़ रहा है।

**9. विशेषण की उत्तमावस्था का प्रयोग किस वाक्य में किया गया है?**
(A) यह बहुत सुंदर चित्र है। [SI 15.09.2021]
(B) मेरा घर उसके घर से छोटा है।
(C) उसे सर्वाधिक अंक प्राप्त हुए ।
(D) मोहन की अपेक्षा सोहन होशियार है ।

**10. संज्ञा से निर्मित विशेषण है—** [SI 14.09.2021]
(A) दैनिक (B) आपसी (C) टिकाऊ (D) अगला

**11. 'विशेषण' शब्द से रहित वाक्य कौन सा है ?** [SI 14.09.2021]
(A) मैं पिछले वर्ष गाँव गया था। (B) दुकान से कुछ फल खरीद लाओ।
(C) सभा में कम लोग आए थे। (D) थोड़ा खाओ, खूब चबाओ।

**12. किस विकल्प में सभी विशेषण शब्द संज्ञा शब्दों से रचित हैं?**
(A) शिक्षित, कमाऊ (B) भीतरी, आपसी[SI 13.09.2021]
(C) पीड़ित, दयनीय (D) वार्षिक, निचला

**13. गुणवाचक विशेषण से संबंधित वाक्य कौन सा है?**[SI 13.09.2021]
(A) बालक पहली कक्षा में पढ़ता है ।
(B) यह पुस्तक मेरी है।
(C) हमें कपटी व्यक्ति से दूर रहना चाहिए ।
(D) समारोह में अनेक लोग उपस्थित थे ।

**14. इनमें कौनसा शब्द विशेषण नहीं है—** [SI 07.10.2018]
(A) भीतर (B) गुरुतर (C) विश्वस्त (D) विगत

**15. किस वाक्य में परिमाणवाचक विशेषण है—** [SI 05.06.2014]
(A) खेल का मैदान लम्बा है।
(B) पंकज अच्छा गायक है।
(C) मैं सफेद कमीज नहीं पहनता।
(D) इस बार बारिश में बहुत ओले गिरे।

## वर्तमान परीक्षाओं में पूछे जा रहे प्रश्नों के नये पैटर्न पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**16. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए।**

| सूची-I (वाक्य) | सूची-II (विशेषण का भेद) |
|---|---|
| (a) राम **बहुत धीरे** चलता है | 1. अनिश्चित परिमाणवाचक |
| (b) **उस** घर में कौन रहता है? | 2. क्रिया प्रविशेषण |
| (c) मुझे **थोड़ी** चाय चाहिए | 3. निश्चित संख्यावाचक |
| (d) कक्षा में **चालीस** छात्र हैं | 4. सार्वनामिक विशेषण |

**कूट–** (A) a–2, b–4, c–1, d–3 (B) a–1, b–3, c–2, d–4
(C) a–2, b–1, c–4, d–3 (D) a–4, b–2, c–3, d–1

**17. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प 'सार्वनामिक विशेषण' के भेदों का सही क्रम या समूह दर्शाता है?**
1. निश्चयवाचक/संकेतवाचक 2. अनिश्चयवाचक
3. प्रश्नवाचक 4. संबंधवाचक

# 9 क्रिया

## सब-इंस्पेक्टर (SI) की विगत भर्ती परीक्षाओं में पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. सकर्मक क्रिया के प्रयोग का उदाहरण है—** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) मैं गया। (B) पक्षी उड़ते हैं।
(C) मैं तुम्हें उपाय बतलाता हूँ। (D) आप मेरे मित्र ठहरे।

**2. प्रेरणार्थक क्रिया है—** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) गलाना (B) करना
(C) चरना (D) चमकना

**3. निम्न में से किस वाक्य में क्रिया का अकर्मक रूप में प्रयोग हुआ है?** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) सिपाही चोर को पकड़ता है। (B) मोहन गेंद खेलता है।
(C) श्याम आम खाता है। (D) राम स्कूल में पढ़ता है।

**4. निम्नलिखित में से किस वाक्य में क्रिया के प्रेरणार्थक रूप का प्रयोग नहीं हुआ है?** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) बच्चे को रोटी खिलाओ।
(B) वह घर आना चाहता है।
(C) पिता ने लड़के को कहानी सुनाई।
(D) मोहन मुझसे किताब लिखाता है

**5. 'घास हरी होती है।' इस वाक्य में 'होती है' क्या है?** [Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) संज्ञा (B) विशेषण (C) क्रिया (D) सर्वनाम

**6. नीचे दो कथन दिए गए हैं—**
**कथन I** – जिन शब्दों से किसी कार्य के होने या करने का बोध होता है, उन्हें क्रिया कहते हैं।
**कथन II** – क्रिया के मूल रूप को धातु कहते हैं और धातु से क्रिया बनाई जाती है।
**उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए—** [Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) कथन I और II दोनों सही हैं।
(B) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(C) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(D) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।

**7. प्रेरणार्थक क्रिया का प्रयोग किस वाक्य में किया गया है ?**
(A) तुम्हें देर तक नहीं सोना चाहिए। [SI 15.09.2021]
(B) अध्यापक छात्र से कहानी लिखवाता है।
(C) हमें सदैव सत्य बोलना चाहिए।
(D) उसने मेरे लिए सामान खरीदा।

**8. किस वाक्य में क्रिया सकर्मक रूप में प्रयुक्त हुई है?**
(A) माँ बच्चे को सुलाती है । [SI 15.09.2021]
(B) चीता तेज़ दौड़ता है।
(C) वह बहुत समय से सो रहा है।
(D) शोरगुल से बच्चा जाग गया ।

**9. किस विकल्प में क्रिया 'द्विकर्मक' रूप में प्रयुक्त हुई है ?**
(A) अध्यापक ने विद्यार्थियों को पाठ पढ़ाया । [SI 14.09.2021]
(B) वह सुबह पढ़ाई करता है और शाम को खेलता है।
(C) मैं बाजार से सब्जी और फल खरीद लाया ।
(D) मदारी के करतब देखकर दर्शक खूब हँसे ।

**10. किस वाक्य में 'संयुक्त क्रिया' का प्रयोग नहीं हुआ है ?**
(A) लुटेरों ने पूरे क्षेत्र को लूट लिया। [SI 14.09.2021]
(B) मैं नहाकर कार्यालय जाऊँगा।
(C) वह सारा खाना खा गया।
(D) बादलों के कारण चाँद नहीं दिखाई दिया।

**11. 'मैंने लड़के को पुस्तक पढ़ाई ।'** [SI 13.09.2021]
**उक्त वाक्य में प्रयुक्त क्रिया का भेद है—**
(A) अकर्मक (B) संयुक्त
(C) पूर्वकालिक (D) द्विकर्मक

**12. किस वाक्य में क्रिया अकर्मक रूप में प्रयुक्त हुई है ?**
(A) वह बिना बात ही हँस रही है। [SI 13.09.2021]
(B) बच्चों ने बहुत सुंदर चित्र बनाए।
(C) माँ पुत्र को समझाती है।
(D) मदारी भालू को नचाता है।

**13. किस वाक्य में क्रिया सकर्मक रूप में प्रयुक्त हुई है?** [SI 13.09.2021]
(A) वह अभी तक सो रहा है। (B) बच्चा बहुत देर से रो रहा है।
(C) धावक मैदान में दौड़ रहा है। (D) वह पतंग उड़ा रहा है।

**14. किस वाक्य में पूर्वकालिक क्रिया का प्रयोग हुआ है—**
(A) वह नहाकर पढ़ेगा। [SI 07.10.2018]
(B) रेलगाड़ी स्टेशन पर पहुँच चुकी थी।
(C) थोड़ी देर पहले पानी बरस रहा था।
(D) घंटा लगते ही वह चल पड़ा।

**15. किस वाक्य में 'अकर्मक' क्रिया का प्रयोग किया गया है—**
(A) मजदूर चाय पी रहा है। [SI 07.10.2018]
(B) बालक बहुत देर से रो रहा है।
(C) अम्मा खाना बना रही है।
(D) रमेश पुस्तक पढ़ रहा है।

**16. किस वाक्य में 'सकर्मक' क्रिया नहीं है—** [SI 07.10.2018]
(A) मजदूर पेड़ के नीचे बहुत देर से बैठा है।
(B) किसान हल से खेत जोत रहा है।
(C) मोहन बाजार में फल खरीद रहा है।
(D) तीन छात्र पुस्तकालय में पढ़ रहे हैं।

# 10 अव्यय
## (क्रिया विशेषण, सम्बन्ध सूचक विस्मयबोधक निपात)

### सब-इंस्पेक्टर (SI) की विगत भर्ती परीक्षाओं में पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण है—** **[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]**
(A) शायद (B) इसलिए (C) सर्वथा (D) एकाएक

**2. 'शाबाश !' निम्न में से विस्मयादिबोधक अव्यय के किस भेद का उदाहरण है?** **[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]**
(A) शोकबोधक (B) स्वीकारबोधक
(C) हर्षबोधक (D) संबोधनद्योतक

**3. इनमें से कौन सा वाक्य निपात रहित है?** **[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]**
(A) और भी लोग आने वाले हैं। (B) मैं तुम्हारा सिर फोड़ दूँगा।
(C) हाँ, मैं वहाँ गया था। (D) गाड़ी तो धीरे चल रही है।

**4. संबंधसूचक अव्यय का प्रयोग नहीं हुआ है—** **[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]**
(A) गाड़ी समय से पहले आई। (B) मैं विदेश कदापि न जाऊँगा।
(C) मेरे पास एक घड़ी है। (D) नौकर गाँव तक गया।

**5. किस विकल्प में संबंधसूचक अव्यय का प्रयोग नहीं हुआ है?** **[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]**
(A) धन के बिना किसी का काम नहीं चलता।
(B) नौकर मालिक के यहाँ रहता है।
(C) वैसे तो राजा भी प्रजासेवक है।
(D) यह काम जाने से पहले करना चाहिए।

**6. विस्मयादिबोधक अव्यय की दृष्टि से असंगत विकल्प है—** **[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]**
(A) संबोधनद्योतक – अरे ! (B) तिरस्कारबोधक – छिः !
(C) स्वीकारबोधक – जी ! (D) आश्चर्यबोधक – धन्य !

**7. किस वाक्य में निपात का प्रयोग हुआ है?** **[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]**
(A) किसी आदमी को भेज दो। (B) मैं आपके पास आया हूँ।
(C) पशु-पक्षी ही अपना हित समझते हैं।
(D) हमारे शिक्षक प्रश्न करते हैं।

**8. 'वह <u>आजकल</u> पढ़ रहा है' वाक्य में रेखांकित पद क्रिया-विशेषण के किस भेद का उदाहरण है?** **[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]**
(A) कालवाचक (B) स्थानवाचक
(C) रीतिवाचक (D) परिमाणवाचक

**9. जिस शब्द के रूप में लिंग, वचन, पुरुष, कारक आदि के कारण कोई विकार उत्पन्न नहीं होता, उसे क्या कहते हैं?** **[Platoon Commander-I • 22-11-2025]**
(A) संधि (B) अव्यय (C) समास (D) वाच्य

**10. 'अव्यय' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?** **[Platoon Commander-I • 22-11-2025]**
(A) कालवाचक अव्यय' में समय का बोध होता है।
(B) यहाँ, वहाँ, कहाँ, जहाँ- स्थानवाचक अव्यय का बोधक है।
(C) विस्मयादिबोधक अव्यय के बाद विस्मयसूचक चिह्न (!) का प्रयोग किया जाता है।
(D) अव्यय प्रायः लिंग, वचन, परसर्ग आदि से प्रभावित रहते हैं।

**11. 'आशुतोष को मैंने नहीं देखा।' वाक्य में प्रयुक्त अव्यय की पहचान कीजिए—** **[Platoon Commander-I • 22-11-2025]**
(A) को (B) मैंने (C) देखा (D) नहीं

**12. विस्मयबोधक अव्ययों के संबंध में कौन सा तथ्य सही नहीं है?** **[SI 15.09.2021]**
(A) ये वक्ता के हर्ष, शोक आदि मनोभावों को व्यक्त करते हैं।
(B) इनके आगे विस्मयबोधक चिह्न लगाया जाता है ।
(C) एक ही विस्मयबोधक शब्द से सभी मनोभावों को सूचित किया जा सकता है ।
(D) ये वाक्य से स्वतंत्र होते हैं।

**13. किस वाक्य में निपात का प्रयोग नहीं हुआ है?** **[SI 15.09.2021]**
(A) शहर भर में यह बात फैल गई ।
(B) वह तो घर पर नहीं है।
(C) मैं भी आपके साथ चलूंगा ।
(D) मैं घर जा रहा हूँ ताकि आराम कर सकूँ ।

**14. क्रियाविशेषण रहित वाक्य है—** **[SI 15.09.2021]**
(A) वह अचानक चला गया।
(B) मेरी बात ध्यान से सुनो।
(C) नौकर मालिक से खुश रहता है।
(D) वह प्रायः यहाँ आया करते थे।

**15. संबंधसूचक अव्यय का प्रयोग किस वाक्य में नहीं हुआ है?** **[SI 15.09.2021]**
(A) वह मेरे घर के पीछे रहता है।
(B) हमारे शहर के आसपास बहुत हरियाली है।
(C) माँ के बिना घर सूना-सूना लगता है ।
(D) यह काम पहले करना चाहिए था ।

**16. इनमें से किस वाक्य में निपात का प्रयोग नहीं हुआ है ?** **[SI 14.09.2021]**
(A) लक्ष्मण भी राम के साथ वन में गए।
(B) कमला दिसम्बर में घूमने जाएगी।
(C) तुम कब तक आओगे?
(D) मैं तो इस बारे में कुछ नहीं जानता।

**17. किस वाक्य में 'संबंधसूचक' अव्यय का प्रयोग नहीं हुआ है ?** **[SI 14.09.2021]**
(A) मुझसे पहले वे चले गए ।
(B) हथियारों सहित आतंकवादी पकड़े गए।

# 11 पर्यायवाची शब्द

## सब-इंस्पेक्टर (SI) की विगत भर्ती परीक्षाओं में पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

1. निम्नलिखित में से 'जूठन' का पर्यायवाची नहीं है— [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) भुक्ति (B) अवशिष्ट (C) उच्छिष्ट (D) भुक्त

2. निम्नलिखित में से 'ध्वज' का पर्यायवाची नहीं है— [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) केतु (B) पताका (C) पल्लव (D) केतन

3. कौन से विकल्प में सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं हैं? [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) उपवन, उद्यान, वाटिका (B) सहोदरा, अग्रजा, भगिनी
(C) शारदा, कमला, रमा (D) धवल, शुभ्र, सित

4. किस विकल्प के सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं हैं? [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) पंक्ति, सरणि, पाँती (B) युद्ध, रण, समर
(C) छिद्र, रंध्र, विवर (D) चावल, तंदुल, पायस

5. निम्नलिखित में से 'मोर' का पर्यायवाची नहीं है— [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) कलापी (B) मंडूक (C) केकी (D) शिखी

6. किस विकल्प के सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं हैं? [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) तम, तमिस्र, तिमिर (B) शर, विशिख, शिलीमुख
(C) खड्ग, असि, करवाल (D) मरुत, गंधवह, तरणी

7. निम्नलिखित में से 'नदी' का पर्यायवाची नहीं है— [Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) सरिता (B) तरणिणी (C) तटिनी (D) रजनी

8. इनमें से 'गंगा' का 'पर्यायवाची' नहीं है? [Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) भागीरथी (B) देवनदी (C) सरसिज (D) मंदाकिनी

9. निम्नलिखित में 'पवन' का पर्यायवाची नहीं है—[SI 15.09.2021]
(A) वात (B) मारुति (C) अनिल (D) समीर

10. किस विकल्प में सभी शब्द 'घर' के पर्यायवाची हैं? [SI 15.09.2021]
(A) निकेत, निलय (B) सदन, साकेत
(C) आलय, निकुंज (D) गृह, भुवन

11. किस विकल्प में परस्पर पर्यायवाची शब्द नहीं हैं? [SI 15.09.2021]
(A) समुद्र, उदधि (B) चपला, बिजली
(C) चंद्रमा, शशांक (D) भास्कर, निशाकर

12. किस विकल्प में सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं हैं? [SI 14.09.2021]
(A) आत्मजा, दुहिता (B) चक्षु, मयंक
(C) उपल, प्रस्तर (D) अरविंद, पुंडरीक

13. निम्नलिखित में 'बादल' का पर्यायवाची नहीं है—[SI 14.09.2021]
(A) अभ्र (B) बलाहक (C) कादंबरी (D) जीमूत

14. किस विकल्प में सभी शब्द 'पृथ्वी' के पर्यायवाची हैं ? [SI 14.09.2021]
(A) धरती, अवनि, ऋक्ष (B) मही, विश्वंभरा, धरणी
(C) अचला, धरा, याज्ञसेनी (D) क्षिति, वसुधा, मौलि

15. निम्नलिखित में 'नदी' का पर्यायवाची नहीं है— [SI 13.09.2021]
(A) सरसी (B) आपगा (C) पयस्विनी (D) तटिनी

16. किस विकल्प में सभी शब्द 'पेड़' के पर्यायवाची हैं?[SI 13.09.2021]
(A) वृक्ष, अरण्य (B) रसाल, पादप
(C) पुहुप, तरु (D) विटप, द्रुम

17. किस विकल्प में परस्पर पर्यायवाची शब्द नहीं हैं ?[SI 13.09.2021]
(A) इच्छा, अभीप्सा (B) कपोत, पिक
(C) रात, यामिनी (D) ऊँट, करभ

18. किस विकल्प के सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं हैं— [SI 07.10.2018]
(A) गलत, अशुचि, लुप्त (B) व्याल, उरग, पन्नग
(C) रजनी, यामिनी, निशि (D) रश्मि, अंशु, मयूख

19. किस विकल्प के सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची हैं— [SI 07.10.2018]
(A) अग्नि, वह्नि, अनिल (B) पाषाण, अश्म, उत्पल
(C) व्योम, नभ, अम्बर (D) पयोधर, उरोज, सरोज

20. इनमें से कौनसा शब्द 'धनुष' का पर्यायवाची नहीं है— [SI 07.10.2018]
(A) विशिख (B) कोदण्ड (C) चाप (D) शरासन

21. कौनसा शब्द 'केश' का पर्यायवाची नहीं है— [SI 07.10.2018]
(A) कुन्तल (B) कच (C) शिरोरुह (D) सरोरुह

22. निम्नलिखित में से किस वर्ग में सभी शब्द पर्याय नहीं हैं— [SI 05.06.2014]
(A) अचल, गिरि, नग, भूधर
(B) अमर, सुर, कैवल्य, देव
(C) सरिता, तटिनी, तरंगिणी, सलिला
(D) कृपाण, असि, करवाल, चंद्रहास

23. 'मृगेन्द्र' का पर्याय है— [SI 05.06.2014]
(A) अहि (B) कुरंग (C) हय (D) शार्दूल

24. 'गाय' का पर्याय इनमें से नहीं है— [SI 05.06.2014]
(A) धेनु (B) गौ (C) सुरभि (D) मंदार

# 12 विलोम शब्द

## सब-इंस्पेक्टर (SI) की विगत भर्ती परीक्षाओं में पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. किस विकल्प में असंगत विलोम शब्द है?** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) शोषक – पोषक (B) अचेष्ट – निश्चेष्ट
(C) साधक – बाधक (D) स्पंदित – निष्पंद

**2. असंगत विलोम शब्द है—** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) उन्नति – अवनति (B) अनादर – निरादर
(C) आविर्भूत – तिरोभूत (D) अर्पण – ग्रहण

**3. 'शाश्वत' का विलोम शब्द है—** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) अनश्वर (B) क्षणिक (C) अविनाशी (D) अविनश्वर

**4. असंगत विलोम शब्द है—** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) वैयक्तिक – सामूहिक (B) उतरना – गिरना
(C) तरल – ठोस (D) न्यून – अधिक

**5. असंगत विलोम शब्द है—** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) ऋजु – वक्र (B) गत – आगत
(C) बड़ा – लंबा (D) कृश – स्थूल

**6. 'बहुज्ञ' का विलोम शब्द है—** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) सर्वज्ञ (B) अल्पज्ञ (C) अभिज्ञ (D) विज्ञ

**7. 'अनुरक्ति' के लिए प्रयुक्त होने वाला 'विलोम' शब्द है—** [Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) विभक्ति (B) शक्ति (C) भक्ति (D) विरक्ति

**8. 'उपयुक्त' शब्द का 'विलोम' है—** [Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) प्रयुक्त (B) अनुपयुक्त (C) उपर्युक्त (D) संयुक्त

**9. 'भ्रांत' का विलोम शब्द है—** [SI 15.09.2021]
(A) विभ्रांत (B) निर्भ्रांत (C) संभ्रांत (D) उद्‌भ्रांत

**10. किस विकल्प में परस्पर विलोम शब्द नहीं हैं?** [SI 15.09.2021]
(A) निषिद्ध – विहित (B) मसृण – रूक्ष
(C) श्रांत – क्लांत (D) वैमनस्य – सौमनस्य

**11. किस विकल्प में विलोम युग्म नहीं है ?** [SI 14.09.2021]
(A) संलिप्त – निर्लिप्त (B) सुबोध – दुर्बोध
(C) आसक्त – अनासक्त (D) गृहीत – अनुगृहीत

**12. इनमें विलोम–शब्द–युग्म नहीं है—** [SI 13.09.2021]
(A) स्थावर – जंगम (B) मूक – वाचाल
(C) व्यष्टि – समष्टि (D) हार – परिहास

**13. इनमें विलोम शब्द-युग्म नहीं है—** [SI 13.09.2021]
(A) हर्ष – विषाद (B) स्वकीय – परकीय
(C) वैतनिक – सवैतनिक (D) जड़ – चेतन

**14. किस विकल्प के शब्द परस्पर विलोम नहीं हैं ?** [SI 13.09.2021]
(A) साम्य – वैषम्य (B) सापेक्ष – निरपेक्ष
(C) ऋत – अनृत (D) श्लाघनीय – प्रशंसनीय

**15. निम्नलिखित में विलोम युग्म है—** [SI 13.09.2021]
(A) सामिष – आमिष (B) विज्ञ – अभिज्ञ
(C) मूढ़ – विमूढ़ (D) सुकर – दुष्कर

**16. किस विकल्प में विलोम शब्द-युग्म नहीं है?** [SI 13.09.2021]
(A) ऋजु – वक्र (B) सघन – विरल
(C) संग्रह – परिग्रह (D) सम्मुख – विमुख

**17. इनमें कौनसा विलोम शब्द युग्म सही नहीं है—** [SI 07.10.2018]
(A) आकर्षण – विकर्षण (B) अमल – विमल
(C) ईमानदार – बेईमान (D) कृतज्ञ – कृतघ्न

**18. कौनसा विलोम युग्म सही नहीं है—** [SI 07.10.2018]
(A) सापेक्ष – निरपेक्ष (B) आपत्ति – विपत्ति
(C) स्वकीय – परकीय (D) व्यष्टि – समष्टि

**19. कौनसा विलोम – युग्म गलत है—** [SI 07.10.2018]
(A) मूक – वाचाल (B) सम्पन्न – विपन्न
(C) मितव्ययी – अल्पव्ययी (D) सम्मुख – विमुख

**20. 'सृष्टि' का विलोम है—** [SI 05.06.2014]
(A) विनाश (B) विध्वंस
(C) प्रलय (D) सृजन

**21. 'राजा' का विलोम इनमें से नहीं है—** [SI 05.06.2014]
(A) प्रजा (B) रानी
(C) सेनापति (D) रंक

## वर्तमान परीक्षाओं में पूछे जा रहे प्रश्नों के नये पैटर्न पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**22. विलोम शब्दों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—**
1. 'उन्मूलन' का सही विलोम 'रोपण' या 'स्थापन' है।
2. 'अनुलोम' शब्द का विलोम 'प्रतिलोम' होता है।
3. 'निमिष' का विलोम 'आमिष' होता है।
4. 'श्लाघा' का विलोम 'निंदा' है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन–से सही हैं?**
(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2, 3 और 4
(C) केवल 1, 2 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**23. निम्न शब्दों को उनके उचित विलोम शब्दों के साथ सुमेलित कीजिए—**

# 13 समश्रुत भिन्नार्थक शब्द
## (शब्द युग्मों का अर्थ भेद)

### सब-इंस्पेक्टर (SI) की विगत भर्ती परीक्षाओं में पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. निम्नलिखित में से किस शब्द-युग्म का क्रमशः सही अर्थ है?**
[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) परुष – पुरुष = आदमी – कोमल
(B) दिवा – दीवा = दीया – दिवस
(C) तरंग – तुरंग = हिरण – लहर
(D) अपेक्षा – उपेक्षा = चाह – परित्याग

**2. किस समश्रुत शब्द-युग्म का क्रमशः अर्थ सुमेलित नहीं है?**
(A) अंत – अंत्य = समाप्ति – अंतिम [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(B) कांति – क्लाकृति = दीप्ति – थकावट
(C) टुक – टूक = टुकड़ा – थोड़ा
(D) तक्र – तर्क = छाछ – दलील

**3. 'सूची-सूजी' शब्द-युग्म का क्रमशः सही अर्थ है—**
(A) तालिका – गेहूँ का दरदरा आटा [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(B) विवरण – पवित्र
(C) प्रपत्र – गेहूँ का दरदरा आटा
(D) पवित्र – चिन्ता

**4. किस विकल्प में शब्द-युग्म का क्रमशः सही अर्थ नहीं है?**
[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) सुरति – सुरती = अनुराग – तंबाकू
(B) सुरभि – सुरभी = छोटी माला – सुपारी
(C) सुभग – सुभट = सुंदर – भारी योद्धा
(D) विनिमय – विनियम = अदला-बदली – नियंत्रण

**5. किस विकल्प में शब्द-युग्म का क्रमशः सही अर्थ है?**
[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) उद्धत – उद्यत = अड़ा हुआ – थका हुआ
(B) परिहार – प्रहार = चोट – त्याग
(C) परिणीत – प्रणीत = अविवाहित – निवेदन
(D) कटिबन्ध – कटिबद्ध = कमरबन्द – तैयार

**6. किस विकल्प में शब्द-युग्म का क्रमशः सही अर्थ नहीं है?**
(A) मूल – मूल्य = जड़ – कीमत [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(B) शुक – शूक = जौ – तोता
(C) बलि – बली = उपहार – बलवान
(D) मेघ – मेध = बादल – यज्ञ

**7. 'कृति-कृती' शब्द-युग्म का क्रमशः सही अर्थ है—**
[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) चतुर – कीड़ा (B) रचना – निपुण
(C) पुस्तक – तारिका (D) कार्य – कीट

**8. निम्नलिखित में से किस शब्द-युग्म का क्रमशः सही अर्थ नहीं है?**
[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) चक्रचर – चक्रधर = कुम्हार – विष्णु
(B) चक्रवात – चक्रवाल = चकवा – बवंडर
(C) गोपन – गोमय = छिपाना – गोबर
(D) गेय – गेह = गाने योग्य – घर

**9. समश्रुत भिन्नार्थक शब्द 'अनिल-अनल' का अर्थ है—**
[Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) सुन्दर – लगातार (B) सूर्य – नदी
(C) हवा – आग (D) किनारा – प्रकृति

**10. सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए—**

| | सूची I (युग्म शब्द) | | सूची II (अर्थ) |
|---|---|---|---|
| a. | अस | I. | किनारा |
| b. | अंश | II. | वंश |
| c. | कुल | III. | कंधा |
| d. | कूल | IV. | हिस्सा |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए—**
[Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) a-III, b-IV, c-II, d-I (B) a-IV, b-III, c-I, d-II
(C) a-III, b-II, c-I, d-IV (D) a-IV, b-III, c-II, d-I

**11. सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए—**

| | सूची I (शब्द) | | सूची II (अर्थ) |
|---|---|---|---|
| a. | खल | I. | गाय, स्वर्ग |
| b. | गो | II. | बादल, घना |
| c. | घन | III. | बुनावट, फरेब |
| d. | जाल | IV. | दुष्ट, धतूरा |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए—**
[Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) a-I, b-II, c-III, d-IV (B) a-IV, b-III, c-II, d-I
(C) a-IV, b-I, c-II, d-III (D) a-III, b-I, c-IV, d-II

**12. इनमें से 'अक्ष' शब्द का सही अर्थ है—**
[Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) आँख (B) साधु (C) चतुर (D) हाथी

**13. कौन-सा शब्द 'अंक' का अर्थ द्योतित नहीं करता है?**
[Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) आँख (B) भाग्य (C) चिह्न (D) अध्याय

**14. इनमें से कौन-सा विकल्प 'जलज' और 'जलद' के सही अर्थ को (क्रमशः) दर्शा रहा है?** [Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) बादल, कमल (B) कमल, बादल
(C) बादल, समुद्र (D) समुद्र, इन्द्र

**15. सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए—**

| | सूची I (युग्म – शब्द) | | सूची II (अर्थ) |
|---|---|---|---|
| a. | सूत | I. | क्रिया |
| b. | सुत | II. | धागा |

# 14 वाक्यांश के लिये एक सार्थक शब्द

## सब-इंस्पेक्टर (SI) की विगत भर्ती परीक्षाओं में पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. 'प्रतियोगिता आदि में किसी से होड़ लेने की इच्छा' वाक्यांश हेतु उपयुक्त सार्थक शब्द है—** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]

(A) शिरोधार्य (B) ईर्ष्यालु
(C) स्पर्द्धा (D) स्पृहणीय

**2. किस विकल्प में वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द उपयुक्त नहीं है?** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]

(A) जाना और आना – गमनागमन
(B) गुणों का पारखी – गुणक
(C) बड़ा पर्वत – गिरिराज
(D) गृहस्थ का धर्म – गार्हस्थ्य

**3. किस विकल्प में वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द नहीं है?** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]

(A) गुण-दोष आदि का विवेचन करने वाला – आलोच्य
(B) किसी कृति के गुण-दोषों का निरूपण – आलोचना
(C) जिसकी आलोचना की गई हो – आलोचित
(D) लिखने योग्य – आलेख्य

**4. 'दीक्षा देने वाला' वाक्यांश के लिए उपयुक्त सार्थक शब्द है—** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]

(A) दीक्षक (B) दीक्षांत (C) दीक्षित (D) दाक्षिण्य

**5. किस विकल्प में वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द उपयुक्त है?** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]

(A) कामना पूरी करने वाला – काम्य
(B) करुणा का भाव – कारुणिक
(C) जिसका समय बीत गया हो – कालातीत
(D) कुछ समय के बाद – कालचक्र

**6. किस विकल्प में वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द उपयुक्त नहीं है?** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]

(A) जिसकी रक्षा की गई हो – रक्षणीय
(B) योजना करने के योग्य – योज्य
(C) रंगमंच का परदा – यवनिका
(D) पूर्णिमा की रात – राका

**7. सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए—**

| | सूची I (वाक्यांश) | | सूची II (एक शब्द) |
|---|---|---|---|
| a. | जो दूसरे से ईर्ष्या करे | I. | प्रियदर्शी |
| b. | जानने की इच्छा रखने वाला | II. | प्रत्यागत |
| c. | जो देखने में प्रिय लगता है | III. | ईर्ष्यालु |
| d. | लौटकर आया हुआ | IV. | जिज्ञासु |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए—** [Platoon Commander-I • 22-11-2025]

(A) a-I, b-II, c-III, d-IV (B) a-III, b-IV, c-I, d-II
(C) a-IV, b-III, c-II, d-I (D) a-III, b-IV, c-II, d-I

**8. सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए—**

| | सूची I (वाक्यांश) | | सूची II (एक शब्द) |
|---|---|---|---|
| a. | जिसके पार न देखा जा सके | I. | निर्दयी |
| b. | अनुचित बात के लिए आग्रह | II. | अकथनीय |
| c. | जो कहा न जा सके | III. | अपारदर्शी |
| d. | जिसके हृदय में दया नहीं है | IV. | दुराग्रह |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए–** [Platoon Commander-I • 22-11-2025]

(A) a-III, b-II, c-IV, d-I (B) a-IV, b-III, c-II, d-I
(C) a-II, b-IV, c-I, d-III (D) a-III, b-IV, c-II, d-I

**9. नीचे दो कथन दिए गए हैं—**

**कथन I** – 'जो दूसरों का भला चाहने वाला है' उसे 'परार्थी' कहते हैं।
**कथन II** – 'जो स्वयं का भला चाहने वाला है' उसे 'स्वार्थी' कहते हैं।
**उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए—** [Platoon Commander-I • 22-11-2025]

(A) कथन I और II दोनों सही हैं।
(B) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(C) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(D) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।

**10. 'जिसको वश में करना कठिन हो' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द कौन सा है?** [SI 15.09.2021]

(A) दुस्तर (B) दुर्वह (C) दुर्दांत (D) दुरूह

**11. किस विकल्प में वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द सार्थक नहीं है ?** [SI 15.09.2021]

(A) जो आप से आप उत्पन्न हुआ हो – सहजात
(B) जिसकी विवेक बुद्धि स्थिर हो – स्थितप्रज्ञ
(C) समय पर जिसकी बुद्धि ठीक कार्य करे – प्रत्युत्पन्नमति
(D) जो रोका हुआ न हो – अनिरुद्ध

**12. 'दीर्घसूत्री' शब्द किस वाक्यांश के लिए सार्थक है?** [SI 15.09.2021]

(A) बहुत परिश्रम करने वाला
(B) बहुत सोच-विचार करने वाला
(C) हर एक काम में जरूरत से ज्यादा देर लगाने वाला
(D) जल्दी निर्णय लेने वाला

**13. 'मुक्ति पाने का इच्छुक' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है—** [SI 15.09.2021]

(A) जिजीविषा (B) मुमुक्षु (C) तितिक्षा (D) मुमूर्षु

**14. 'वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द' की दृष्टि से कौन सा विकल्प असंगत है?** [SI 14.09.2021]

(A) जिसका काम सिद्ध हो चुका हो – कृतार्थ
(B) किए हुए उपकार को न मानने वाला – कृतघ्न
(C) जो इस लोक से अलग हो – अलौकिक
(D) जो कम बोलता है – मिष्टभाषी

# 15 समानार्थी शब्दों का विवेक

## वर्तमान परीक्षाओं में पूछे जा रहे प्रश्नों के नये पैटर्न पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. अनुरोध/आग्रह**
**अनुरोध—विनयपूर्वक याचना है तो आग्रह का आशय है—**
(A) इसकी कदापि उपेक्षा करना
(B) अधिकार-भावना से उद्भूत याचना
(C) अधिकार-भावना से सहृदय याचना करना
(D) अधिकार-भावना को स्वीकार करना

**2. प्राचीन/पुराना**
**प्राचीन का आशय पुराने समय का होता है, यह शब्द काल और युग को संकेत करता है; किन्तु पुराना—**
(A) नया ताज़ा एवं युवापन का विरोधी
(B) कुछ ही पुराना
(C) जो खुदाई में प्राप्त हो
(D) प्राचीनता का द्योतक है

**3. अनुपम/अद्वितीय**
**अनुपम का आशय है कि जिसकी उपमा किसी अन्य से न दी जा सके, वहीं अद्वितीय का आशय है—**
(A) पहला और दूसरा एक सदृश
(B) पहले क समान दूसरा न हो
(C) दूसरे के समान पहला
(D) जिसके समान दूसरा न हो

**4. अन्वेषण/आविष्कार**
**अन्वेषण का अर्थ है किसी वस्तु या देश की खोज जो पहले से ही विद्यमान हो, आविष्कार का आशय है—**
(A) वह वस्तु जिसको उद्भाषित कर दिया जाये।
(B) ज्ञान की पराकाष्ठा पर पहुँच जाना
(C) किसी वस्तु का सृजन जो पहले विद्यमान नहीं थी
(D) कोई वस्तु जो में पूर्व विद्यमान थी

**5. अभिमान/गर्व**
**अभिमान का आशय घमण्ड होता है। अपने को वास्तविकता से अधिक समझना, वहीं गर्व का अर्थ है—**
(A) रूप, वैभव, ज्ञानादि से उत्पन्न श्रेष्ठता का भाव
(B) अभिमान करना
(C) ईर्ष्या की चरम पराकाष्ठा को प्राप्त होना
(D) अभिमान और ईर्ष्या करना

**6. जाँच/परीक्षा**
**सत्यासत्य का अनुसंधान करना जाँच होता है; किन्तु परीक्षा—**
(A) असत्य को सत्य से तोलना
(B) सत्य को उद्घाटित करना
(C) सत्य की पहचान करना
(D) सत्यापन व योग्यतादि का निर्णय

**7. आलोचना/समीक्षा**
**आलोचना के अन्तर्गत गुण-दोष का विवेचन होता है, वहीं समीक्षा है—**
(A) किसी अंश को लेकर उलझ जाना
(B) एक प्रकार का भाषण देना
(C) भली-भाँति विवेचन करना
(D) किसी बात की समीक्षा करना

**8. त्रुटि/भ्रम**
**सही स्थिति से दुराव त्रुटि होती है; किन्तु भ्रम है—**
(A) दिग्भ्रम होना
(B) किसी वस्तु का अयथार्थ रूप में समझना
(C) दिशाओं को भूल जाना
(D) संकट देखकर भ्रमित हो जाना

**9. अनुमोदन/स्वीकृति**
**अनुमोदन का अर्थ है किसी आलेख, टिप्पणी, कार्यवाही अथवा कथन पर सहमति प्रकट करना; किन्तु स्वीकृति का आशय है—**
(A) किसी प्रस्ताव को स्वीकार करना
(B) किसी बात को आत्मसात् करना
(C) किसी बात को हृदयंगम करना
(D) किसी प्रस्ताव का अनुमोदन करना

**10. अस्त्र/शस्त्र**
**अस्त्र का अर्थ है फेंककर शत्रु पर चलाया जाने वाला हथियार; किन्तु शस्त्र है—**
(A) हाथ से लेकर मारने का हथियार
(B) शस्त्र अस्त्र की अपेक्षा अच्छा होता है
(C) वह अस्त्र जो काफ़ी दूर से ही फेंककर चलाया जाता हो
(D) हाथ में लेकर खदेड़कर मारना

**11. अपराध/पाप**
**अपराध का अर्थ है कानून की निगाह में दुष्कृति; किन्तु पाप का आशय है—**
(A) एक जघन्य अपराध
(B) अनिष्ट कार्य करना
(C) धार्मिक या ईश्वरीय नियमों की दृष्टि में की गयी दुष्कृति
(D) एक प्रकार का अपराध जिसकी उपेक्षा सर्वत्र हो

**12. आदरणीय/पूज्य**
**आदरणीय का अर्थ है अपने से बड़ों के प्रति सम्मान, वहीं पूज्य का अर्थ—**
(A) पिता की आज्ञा मानना
(B) सबका सम्मान करना

# 16 उपयुक्त शब्द चयन

## सब-इंस्पेक्टर (SI) की विगत भर्ती परीक्षाओं में पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त शब्द का चयन कीजिए—**
**आनंद, आह्लाद से उसी प्रकार संबद्ध है, जिस प्रकार 'इच्छा' ...... से संबद्ध है।** [Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) सहकार (B) हर्ष (C) आकांक्षा (D) अनंत

## वर्तमान परीक्षाओं में पूछे जा रहे प्रश्नों के नये पैटर्न पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**2. 'भिखारी को देखकर उसे उस पर ............. आ गई।'**
**उपरोक्त वाक्य में रिक्ति स्थान पर निम्न में से किस शब्द का प्रयोग सर्वाधिक उपयुक्त होगा?**
(A) माया (B) दया (C) अनुकंपा (D) कृपा

**3. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द के विलोम शब्द का प्रयोग करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**
**<u>सगुण</u> और ............. दोनों ही परमात्मा के स्वरूप हैं।**
(A) सांख्य (B) निर्गुण (C) निर्मल (D) विपुल

**4. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सबसे अधिक उपयुक्त शब्द का चयन कीजिए।**
**............. की भीड़ बढ़ गई।**
(A) दर्शक (B) दर्शकों (C) पाठक (D) श्रोता

**5. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सबसे अधिक उपयुक्त शब्द का चयन कीजिए।**
**हरे-भरे खेत ............. हुए अत्यंत सुंदर दिखाई देते हैं।**
(A) लहराते (B) लहलहाते (C) फहराते (D) चमचमाते

**6. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सबसे अधिक उपयुक्त शब्द का चयन कीजिए।**
**मैंने एक वर्ष तक उनकी प्रतीक्षा ............. ।**
(A) की (B) करी (C) निहारी (D) देखी

**7. रिक्त स्थान को भरने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।**
**लड़की खिड़की के परदे की आड़ से ............. रही थी।**
(A) झाँक (B) घूर (C) ताक (D) देख

**8. रिक्त स्थान को भरने के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें।**
**हमारे गाँव में एक ............. की स्थापना हुई।**
(A) तालाब (B) घर (C) दुकान (D) मंदिर

**9. रिक्त स्थान को भरने के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें।**
**वकीलों ने कागज़ात की ............. की।**
(A) दर्शन (B) सर्वेक्षण (C) निरीक्षण (D) जाँच

**10. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें।**
**पशुओं का झुंड चारों ओर पानी की ............. में घूम रहा था।**
(A) पकड़ (B) तलाश (C) अनुसंधान (D) चाह

**11. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।**
**देश में उद्योग-धंधों की ............. हुई है।**
(A) प्रोन्नति (B) गति (C) प्रगति (D) उन्नति

**12. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन कीजिए।**
**चिड़िया ............. है।**
(A) मिमियाती (B) चहचहाती (C) दहाड़ती (D) भौंकती

**13. रिक्त स्थान को भरने के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें।**
**सफलता पाने के लिए कठोर ............. करना पड़ता है—**
(A) श्रम (B) अनुशासन (C) आवागमन (D) अध्ययन

**14. रिक्त स्थान को भरने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।**
**शिशु ............. और अबोध होता है।**
(A) भिज्ञ (B) अल्पज्ञ (C) बहुज्ञ (D) अज्ञ

**15. रिक्त स्थान को भरने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।**
**शिक्षक दिवस पर छात्रों ने शिक्षक को पुस्तक ............. की।**
(A) दान (B) हस्तगत (C) प्रदान (D) भेंट

**16. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।**
**श्याम को रोगी पर ............. आ गई।**
(A) दया (B) अनुकम्पा (C) क्षमा (D) कृपा

**17. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें।**
**रोगी ने चिकित्सक से ............. लिया।**
(A) परामर्श (B) अनुदान (C) आज्ञा (D) मंत्रणा

**18. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें।**
**यह वृक्ष की ............. डाली काट रहा था—**
(A) सामान्य (B) सुखी (C) सखी (D) सूखी

**19. रिक्त स्थान को भरने के लिए उपयुक्त शब्द का चयन करें।**
**राजा हर्षवर्धन ............. करके लौटे।**
(A) चोरी (B) नाटक (C) नृत्य (D) दिग्विजय

**20. रिक्त स्थान को भरने के लिए उपयुक्त शब्द का चयन करें।**
**मनुष्य को अपनी ............. नहीं छोड़नी चाहिए।**
(A) अभिमान (B) बचपन (C) क्रोध (D) मनुष्यता

**21. रिक्त स्थान को भरने के लिए उपयुक्त शब्द का चयन करें।**
**मैं कलम से चिट्ठी ............. रहा हूँ।**
(A) भेज (B) सोच (C) पढ़ (D) लिख

**22. रिक्त स्थान को भरने के लिए उपयुक्त शब्द का चयन करें।**
**भगवान सबका ............. करे।**

# 17 सम्बन्धवाची शब्दावली

## वर्तमान परीक्षाओं में पूछे जा रहे प्रश्नों के नये पैटर्न पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

1. 'निजी' शब्द का सम्बन्ध निम्न में से किस शब्द से है?
(A) श्रम (B) खपत
(C) आवश्यकता (D) विपदा

2. 'नियत' शब्द का सम्बन्ध निम्न में से किस शब्द से है?
(A) पशु (B) कोर्ट
(C) दर (D) अतीत

3. 'निरंकुश' शब्द का सम्बन्ध निम्न में से किस शब्द से है?
(A) शृंखला (B) शासक
(C) शत्रुता (D) प्रभुता

4. 'निरपेक्ष' शब्द का सम्बन्ध निम्न में से किस शब्द से है?
(A) नीति (B) नमस्कार
(C) अनाज (D) स्वीकृति

5. 'नीरस' शब्द का सम्बन्ध निम्न में से किस शब्द से है?
(A) मद्यपान (B) द्वेष
(C) ईर्ष्या (D) जीवन

6. 'निरर्थक' शब्द का सम्बन्ध निम्न में से किस शब्द से है?
(A) सीमा (B) संगति
(C) चर्चा (D) प्रणाम

7. 'घटिया' शब्द का सम्बन्ध निम्न में से किस शब्द से है?
(A) माल (B) सैनिक
(C) लक्ष्मी (D) अवनति

8. 'मधुर' शब्द का सम्बन्ध निम्न में से किस शब्द से है?
(A) व्यंग्य (B) साहस
(C) दुःख (D) संगीत

9. 'पवित्र' शब्द का सम्बन्ध निम्न में से किस शब्द से है?
(A) ग्रंथ (B) कुर्सी
(C) गाड़ी (D) सब्जी

10. 'शुक्ल' शब्द का सम्बन्ध निम्न में से किस शब्द से है?
(A) ग्राम (B) पक्ष
(C) रुपए (D) पटल

11. 'शुद्ध' शब्द का सम्बन्ध निम्न में से किस शब्द से है?
(A) घी (B) रथ
(C) परम्परा (D) पेड़

12. 'तटस्थ' शब्द का सम्बन्ध निम्न में से किस शब्द से है?
(A) नीति (B) संगीत
(C) प्रवर्ग (D) विद्या

13. 'तात्कालिक' शब्द का सम्बन्ध निम्न में से किस शब्द से है?
(A) उपनीति (B) उपयोग
(C) भक्ति (D) प्रभाव

14. 'तिमाही' शब्द का सम्बन्ध निम्न में से किस शब्द से है?
(A) परीक्षा (B) अंतरिक्ष
(C) विवरणी (D) सूर्यग्रहण

15. 'तीव्र' शब्द का सम्बन्ध निम्न में से किस शब्द से है?
(A) श्रेणी (B) उन्मेष
(C) दीक्षा (D) बुद्धि

16. 'दाँतेदार' शब्द का सम्बन्ध निम्न में से किस शब्द से है?
(A) पहिया (B) सरोता
(C) छेनी (D) चरखा

17. 'दीर्घ' शब्द का सम्बन्ध निम्न में से किस शब्द से है?
(A) आयु (B) मात्रा
(C) संकट (D) प्रश्न

18. 'तंग' शब्द का सम्बन्ध निम्न में से किस शब्द से है?
(A) किसान (B) गली
(C) कटोरा (D) कामना

19. 'आधुनिक' शब्द का सम्बन्ध निम्न में से किस शब्द से है?
(A) युग (B) कुव्यवस्था
(C) लाभ (D) क्षेत्र

20. 'सीधा' शब्द का सम्बन्ध निम्न में से किस शब्द से है?
(A) मूर्ति (B) प्रेम
(C) आदमी (D) सूखा

21. 'प्रिय' शब्द का सम्बन्ध निम्न में से किस शब्द से है?
(A) शिखर (B) पक्षी
(C) वैरी (D) मित्र

22. 'मुँहमाँगी' शब्द का सम्बन्ध निम्न में से किस शब्द से है?
(A) कीमत (B) ईर्ष्या
(C) खनिज (D) सजा

23. 'प्राचीन' शब्द का सम्बन्ध निम्न में से किस शब्द से है?
(A) कक्षा (B) कीमत
(C) शिलालेख (D) सूक्ति

24. 'गंभीर' शब्द का सम्बन्ध निम्न में से किस शब्द से है?
(A) गद्यांश (B) मद्यपान
(C) समस्या (D) खनिज

# 18 शब्द शुद्धि

## सब-इंस्पेक्टर (SI) की विगत भर्ती परीक्षाओं में पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. किस विकल्प में सभी शब्द अशुद्ध हैं?** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) वयोवृद्ध, अहिल्या, अभ्यार्थि
(B) चन्द्रिका, प्रदर्शनी, घनिष्ट
(C) अधीन, तात्कालिक, अष्टावक्र
(D) अतिशयोक्ति, द्वारका, घुटना

**2. अशुद्ध शब्द है—** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) अनन्या (B) अनधिकृत
(C) अन्तरात्मा (D) दुराशय

**3. शुद्ध शब्द है—** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) रणनिति (B) तीर्थाटन (C) पुर्नप्राप्ति (D) स्वेच्छिक

**4. अशुद्ध शब्द है—** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) स्रष्टा (B) सिंदूर (C) नुपुर (D) परिप्रेक्ष्य

**5. अशुद्ध शब्द है—** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) अध्यात्मिक (B) अनुगृहीत
(C) लालित्य (D) कैलास

**6. किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं?** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) अनाधिक, त्यौहार (B) धराशायी, उतरदाई
(C) न्योछावर, औपन्यासिक (D) फेंकना, मंजूषा

**7. किस विकल्प में अशुद्ध शब्द है?** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) क्षुधित (B) दुष्यन्त (C) नैसर्गिक (D) तान्त्रिक

**8. शुद्ध शब्द है—** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) द्रवीभूत (B) दुतावास (C) दुराग्रह (D) दृष्ट्यमान

**9. किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं?** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) अँधेरा, चंचलता (B) दुनियां, पूँछकर
(C) सोंचेंगे, तरंगे (D) आँतरिक, जाँति-पाँति

**10. अशुद्ध शब्द नहीं है—** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) झौंपड़ी (B) भगीरथी (C) विमूढ़ (D) प्रस्ताविक

**11. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द है—** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) आर्शिवाद (B) अक्षौहिणी (C) दुस्कर (D) प्रतिछाया

**12. किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं?** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) प्रामाणिक, पौराणिक, यौगिक (B) सौन्दर्यता, कौशल, बाहुल्यता
(C) वेदिक, दुपहर, निर्दोषी (D) व्यवहारिक, यौवन, लघुत्तर

**13. अशुद्ध शब्द है—** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) स्निग्ध (B) स्पर्श (C) सौराष्ट्र (D) स्वर्गिय

**14. अशुद्ध शब्द है—** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) अनुसरण (B) अभ्यस्त
(C) अध्यावसाय (D) अभीष्ट

**15. किस विकल्प में अशुद्ध शब्द है?** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) अभ्यगत (B) अर्थान्तर
(C) आहार्य (D) आस्तिक

**16. शुद्ध शब्द है—** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) स्थायित्व (B) शुद्धिकरण
(C) अनुसंगिक (D) हिंग

**17. इनमें से कौन-से शब्द वर्तनी की दृष्टि से 'शुद्ध' हैं?**
a. योगिराज b. आकांशा c. परिस्थिति d. परिक्षण e. पुज्य
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए—**
[Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) केवल a, b, c (B) केवल b, c, d
(C) केवल c, d, e (D) केवल a, c, e

**18. निम्नलिखित में से कौन-से शब्द वर्तनी की दृष्टि से 'अशुद्ध' हैं?**
a. विभीषिका b. निर्पेक्ष c. नैपुण्य d. सौदर्य
e. सम्राज्य
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए—**
[Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) केवल a, b, c (B) केवल a, b, e
(C) केवल c, d, e (D) केवल b, c, e

**19. इनमें से कौन-से शब्द वर्तनी की दृष्टि से 'शुद्ध' हैं?**
a. स्वास्थ्य b. निश्पक्ष c. प्रामाणिक d. श्राप
e. दुष्कर
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए—**
[Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) केवल a, c, e (B) केवल a, b, c
(C) केवल b, c, d (D) केवल c, d, e

**20. वर्तनी की दृष्टि से 'शुद्ध' शब्द है—**
[Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) ऊँगली (B) उछवास (C) उन्मीलित (D) उँचाई

**21. वर्तनी की दृष्टि से 'अशुद्ध' शब्द है—** [Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) कार्यक्रम (B) घनिष्ठ (C) अध्ययन (D) पूज्यनीय

**22. कौन-सा शब्द वर्तनी की दृष्टि से 'शुद्ध' है?**
[Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) अनुसंगिक (B) अध्यात्मिक
(C) अधगति (D) शताब्दी

**23. वर्तनी की दृष्टि से 'अशुद्ध' शब्द है—**
[Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) अनुकूल (B) राज्यमहल (C) गृहस्थ (D) पतिव्रता

# 19 परसर्ग (कारक व कारक चिह्न)

## सब-इंस्पेक्टर (SI) की विगत भर्ती परीक्षाओं में पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. कौन से वाक्य में अधिकरण कारक के परसर्ग 'पर' का प्रयोग नहीं है?** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) वह अपने पुरखों की चाल पर चलता है।
(B) बात पर बात तो निकलती ही है।
(C) तुम्हारे कौन से सुरखाब के पर लगे हैं।
(D) गाड़ी नौ बजकर पैंतालीस मिनट पर आती है।

**2. कर्ता कारक के 'ने' परसर्ग के अनुपयुक्त प्रयोग वाला वाक्य है—** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) लड़के ने चिट्ठी लिखी। (B) राम ने छींका।
(C) मैंने नौकर को बुलाया है। (D) उसने यही बात करनी थी।

**3. निम्नलिखित में से किस विकल्प में 'का' परसर्ग का प्रयोग सम्बन्ध कारक के लिए नहीं हुआ है?** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) वह तो जन्म का भिखारी है। (B) पाँच हाथ का डंडा।
(C) तीन खंड का मकान। (D) उसका घोड़ा दौड़ता है।

**4. अधिकरण कारक के परसर्ग 'में' का असंगत प्रयोग हुआ है—** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) हममें तुममें कोई भेद नहीं है।
(B) उनकी योग्यता काम में प्रकट होती है।
(C) तुम्हारे घर में चार आदमी हैं।
(D) देवताओं में कौन अधिक पूज्य है?

**5. 'सत्संग से बुद्धि सुधरती है।' इस वाक्य में किस 'कारक' का प्रयोग हुआ है?** [Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) अपादान (B) करण
(C) संप्रदान (D) अधिकरण

**6. 'ने' परसर्ग/विभक्ति का प्रयोग किस कारक के साथ होता है?** [Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) करण कारक (B) कर्म कारक
(C) कर्ता कारक (D) संप्रदान कारक

**7. सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए—**

| | सूची I (कारक भेद) | | सूची II (अर्थ/लक्षण) |
|---|---|---|---|
| a. | संबंध कारक | I. | जिसकी सहायता से कर्ता क्रिया करता है |
| b. | करण कारक | II. | जहाँ किसी को कुछ दिया जाए |
| c. | संप्रदान कारक | III. | अलग होने का बोध प्रकट हो |
| d. | अपादान कारक | IV. | किसी व्यक्ति का दूसरे से संबंध |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए—** [Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) a-III, b-II, c-IV, d-I (B) a-IV, b-I, c-II, d-III
(C) a-II, b-I, c-III, d-IV (D) a-I, b-III, c-II, d-IV

**8. किस वाक्य में संप्रदान कारक का परसर्ग (विभक्ति चिह्न) प्रयुक्त हुआ है?** [SI 15.09.2021]
(A) माँ ने बच्चे को बुलाया।
(B) मालिक ने सेवक को धन दिया।
(C) मोहन ने सोहन को पीटा।
(D) न्यायालय ने अपराधी को दंडित किया।

**9. निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'से' परसर्ग अपादान कारक के लिए प्रयुक्त नहीं हुआ है ?** [SI 15.09.2021]
(A) नदियाँ पहाड़ों से निकलती हैं। (B) आकाश से पानी बरसा।
(C) वह विद्यालय से आ रहा है। (D) लड़के ने हाथ से फल तोड़ा।

**10. 'उसने पेचकस के द्वारा ढक्कन खोला ।' उक्त वाक्य में प्रयुक्त 'के द्वारा' किस कारक का परसर्ग (विभक्ति चिह्न) है?** [SI 14.09.2021]
(A) कर्ता (B) कर्म (C) करण (D) अपादान

**11. किस वाक्य में 'को' परसर्ग (विभक्ति चिह्न) कर्म कारक के लिए प्रयुक्त नहीं हुआ है ?** [SI 14.09.2021]
(A) मोहन ने सोहन को उसकी पुस्तक लौटा दी।
(B) सरकार ने किसानों को अनुदान दिया ।
(C) गुरुजी ने बालक को पाठ पढ़ाया ।
(D) पुलिस ने अपराधी को पकड़ लिया ।

**12. 'हिमालय से अनेक नदियाँ निकलती हैं।' इस वाक्य में किस कारक के परसर्ग का प्रयोग हुआ है ?** [SI 13.09.2021]
(A) संबंध कारक (B) अधिकरण कारक
(C) अपादान कारक (D) करण कारक

**13. निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'संप्रदान कारक' के परसर्ग (विभक्ति चिह्न) का प्रयोग हुआ है?** [SI 13.09.2021]
(A) राम के हित लक्ष्मण वन गए थे।
(B) वह घर से बाहर आया।
(C) लड़का अब अपने पाँव से चलता है ।
(D) उस जगह एक सभा होने जा रही है।

**14. किस वाक्य में कर्मकारक नहीं है—** [SI 07.10.2018]
(A) बालक रोते-रोते सो गया।
(B) ग्वाला गाय दुहता है।
(C) माँ बच्चे को सुलाती है।
(D) राजा ने ब्राह्मण को बुलाया।

**15. किस वाक्य में करण कारक (परसर्ग) का प्रयोग किया गया है—** [SI 07.10.2018]
(A) बालक पुस्तक पढ़ रहा है।
(B) सोहन जयपुर आ गया है।
(C) किसान दिन-रात मेहनत करता है।
(D) हम नाक से साँस लेते हैं।

# 20 लिंग

## सब-इंस्पेक्टर (SI) की विगत भर्ती परीक्षाओं में पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. निम्नलिखित शब्दों में से स्त्रीलिंग शब्द है—** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) पक्षी (B) पैसा
(C) सेब (D) खड़ाऊँ

**2. निम्नलिखित शब्दों में से पुल्लिंग शब्द का चयन कीजिए—** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) रात (B) लात
(C) बड़प्पन (D) सरकार

**3. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द पुल्लिंग नहीं है?** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) सरोवर (B) रायता (C) कटहल (D) सरसों

**4. निम्नलिखित में से स्त्रीलिंग शब्द है—** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) मोर (B) मार्ग (C) गेरू (D) मिलान

**5. 'आत्मज' का स्त्रीलिंग रूप है–** [Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) आत्मन (B) आत्मना
(C) आत्मा (D) आत्मजा

**6. पुल्लिंग–स्त्रीलिंग का कौन-सा युग्म 'अशुद्ध' है?** [Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) गूँगा – गूँगी (B) खाला – खाली
(C) काला – काली (D) पुत्र – पुत्री

**7. लिंग परिवर्तन की दृष्टि से सही युग्मों का चयन कीजिए—**
a. जेठ – जेठानी b. तोता – तोते
c. शिष्य – शिष्या d. मच्छर – मच्छरानी
e. विधुर – विधवा
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए–** [Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) केवल a, c, और e (B) केवल b, d, और e
(C) केवल b, c, और d (D) केवल a, b, और d

**8. कौन सा शब्द पुल्लिंग है?** [SI 15.09.2021]
(A) रोटी (B) टोपी (C) मोती (D) नदी

**9. किस विकल्प में सभी शब्द स्त्रीलिंग हैं?** [SI 15.09.2021]
(A) चमक, आहट (B) बात, खेत
(C) चालचलन, मिठास (D) भूख, नाच

**10. किस विकल्प में सभी 'स्त्रीलिंग' शब्द हैं ?** [SI 14.09.2021]
(A) उल्लू, सभा, आँख (B) केंचुआ, फौज़, प्रजा
(C) चील, जोंक, कोयल (D) भेड़िया, टोली, बाघ

**11. किस विकल्प में पुल्लिंग-स्त्रीलिंग युग्म गलत है ?** [SI 14.09.2021]
(A) कवि – कवयित्री (B) बाघ – बाघिन
(C) नेता – नेत्री (D) मेंढक – मेढ़ा

**12. किस विकल्प में सभी शब्द 'पुल्लिंग' हैं ?** [SI 14.09.2021]
(A) मछली, दौड़, मार्ग (B) गिलहरी, समूह, कुटुंब
(C) तितली, झुंड, समूह (D) पक्षी, चीता, पानी

**13. किस विकल्प के सभी शब्द पुल्लिंग हैं ?** [SI 14.09.2021]
(A) कौआ, खरगोश, मंडल (B) हीरा, मोती, मणि
(C) नथ, मूँगा, पन्ना (D) हार, पायल, पुखराज

**14. किस विकल्प में कोई भी शब्द स्त्रीलिंग नहीं है ?** [SI 13.09.2021]
(A) नदी, झील, सरोवर (B) नींबू, दही, केला
(C) प्रतिपदा, मंगलवार, टोपी (D) पानी, ज्ञानी, नानी

**15. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द स्त्रीलिंग हैं?** [SI 13.09.2021]
(A) हाथी, बालू, आलू (B) भलाई, हलवाई, ईसाई
(C) इमली, चाँदी, लौकी (D) साथी, घी, शक्कर

**16. निम्नलिखित में से किस शब्द का एक पर्याय पुल्लिंग है और एक स्त्रीलिंग है—** [SI 05.06.2014]
(A) गाय (B) ग्रंथ (C) शेर (D) अर्क

**17. 'मगरमच्छ' का स्त्रीलिंग है—** [SI 05.06.2014]
(A) मगरमच्छी (B) मगरमच्छा
(C) मादा मगरमच्छ (D) मगरमच्छानी

## वर्तमान परीक्षाओं में पूछे जा रहे प्रश्नों के नये पैटर्न पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**18. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए –**

| सूची-I (शब्द वर्ग) | सूची-II (लिंग/अपवाद) |
|---|---|
| (a) अनाजों के नाम | 1. प्रायः पुल्लिंग |
| (b) ग्रहों के नाम | 2. प्रायः पुल्लिंग |
| (c) द्रव पदार्थों के नाम | 3. प्रायः पुल्लिंग |
| (d) रत्नों के नाम | 4. प्रायः पुल्लिंग |

कूट– (A) a–2, b–1, c–4, d–3 (B) a–1, b–2, c–3, d–4
(C) a–2, b–4, c–1, d–3 (D) a–4, b–3, c–2, d–1

**19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—**
1. 'संस्कृत' भाषा में लिंग का अर्थ 'चिह्न' या 'निशान' होता है।
2. कुछ प्राणीवाचक शब्द (जैसे- कोयल, चील और मक्खी) 'नित्य पुल्लिंग' श्रेणी में आते हैं।
3. पदवी सूचक शब्द यदि स्त्री के लिए प्रयुक्त हों तो वे स्त्रीलिंग होंगे।

# 21 वचन

## सब-इंस्पेक्टर (SI) की विगत भर्ती परीक्षाओं में पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. बहुधा एकवचन में प्रयुक्त होने वाला शब्द है—** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) तेल (B) आप (C) सब (D) अनेक

**2. प्रायः बहुवचन क्रिया के साथ प्रयुक्त होने वाला संज्ञा शब्द है—** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) सोना (B) आकाश (C) आँसू (D) घी

**3. निम्नलिखित में से सदैव एकवचन क्रिया के साथ प्रयुक्त होने वाला शब्द है—** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) दाम (B) होश (C) आग (D) भाग्य

**4. एकवचन-बहुवचन का बेमेल विकल्प है—** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) वृद्ध – वृद्धजन (B) डाली – डालियाँ
(C) डिब्बा – डिबिया (D) चिड़िया – चिड़ियाँ

**5. निम्नलिखित किस शब्द का बहुवचन रूप 'अशुद्ध' है?** [Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) शाखा – शाखाएँ (B) कथा – कथाएँ
(C) आशीर्वाद – आशीर्वादों (D) वधू – वधुओं

**6. 'वचन' के संबंध में कौन-सा तथ्य सही नहीं है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)** [Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रिया के जिस रूप से संख्या का बोध हो उसे वचन कहते हैं।
(B) हिंदी में वचन के दो प्रकार हैं – एकवचन और बहुवचन।
(C) वचन का मुख्य कार्य शब्दों के लिंग भेद का बोध का कराना है।
(D) शब्द के जिस रूप से एक पदार्थ या व्यक्ति का बोध होता है, उसे एकवचन कहते हैं।

**7. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'बहुवचन' बोधक है?** [Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) कामना (B) अध्यापिका
(C) डिबिया (D) गुड़ियाँ

**8. एकवचन में प्रयुक्त होने वाला शब्द है—** [SI 15.09.2021]
(A) हस्ताक्षर (B) दर्शन (C) प्राण (D) भीड़

**9. निम्नलिखित में बहुवचन के लिए प्रयुक्त होने वाला शब्द कौन सा है?** [SI 15.09.2021]
(A) प्रेम (B) लोग (C) घी (D) पानी

**10. 'प्रवृत्ति' शब्द का विलोम है—** [SI 14.09.2021]
(A) आवृत्ति (B) निवृत्ति (C) सुवृत्ति (D) संवृत्ति

**11. कौन सा शब्द बहुवचन में प्रयुक्त नहीं होता है ?** [SI 14.09.2021]
(A) दुनिया (B) अनेक (C) आप (D) तेवर

**12. कौन सा शब्द सदैव एकवचन में प्रयुक्त होता है?** [SI 13.09.2021]
(A) आकाश (B) बाल (C) आँसू (D) होश

**13. उत्तमपुरुष बहुवचन संबंध कारक है—** [SI 05.06.2014]
(A) तुम्हारा (B) उसका (C) मेरा (D) हमारा

**14. 'वर्षा' शब्द का उचित बहुवचन चुनिए—** [SI 05.06.2014]
(A) वर्षाएँ (B) वर्षाओं (C) वर्षा (D) वर्षागण

## वर्तमान परीक्षाओं में पूछे जा रहे प्रश्नों के नये पैटर्न पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**15. अभिकथन (A) और तर्क (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही कूट का चयन कीजिए –**
**अभिकथन (A) –** हिंदी में आदर या सम्मान प्रकट करने के लिए एकवचन संज्ञा के स्थान पर बहुवचन क्रिया का प्रयोग किया जाता है।
**तर्क (R) – 'प्राण', 'लोग', 'दर्शन'** और **'हस्ताक्षर'** जैसे शब्द सदैव एकवचन में ही प्रयुक्त होते हैं।
**कूट–** (A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

**16. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए—**

| सूची-I (शब्द) | सूची-II (वचन की स्थिति) |
|---|---|
| (a) जनता | 1. सदैव बहुवचन |
| (b) होश | 2. सदैव एकवचन |
| (c) वर्षा | 3. सदैव एकवचन |
| (d) हस्ताक्षर | 4. सदैव बहुवचन |

**कूट–** (A) a–2, b–4, c–3, d–1 (B) a–1, b–2, c–4, d–3
(C) a–3, b–1, c–2, d–4 (D) a–2, b–1, c–3, d–4

**17. निम्नलिखित शब्दों को उनके बहुवचन रूप के साथ सुमेलित कीजिए—**

| सूची-I (एकवचन) | सूची-II (बहुवचन रूप) |
|---|---|
| (a) लता | 1. रीतियाँ |
| (b) रीति | 2. लताएँ |
| (c) वधू | 3. गौएँ |
| (d) गौ | 4. वधुएँ |

**कूट–** (A) a–2, b–1, c–4, d–3 (B) a–1, b–2, c–3, d–4
(C) a–2, b–4, c–1, d–3 (D) a–4, b–1, c–2, d–3

**18. निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द 'सदैव एकवचन' में प्रयुक्त होते हैं?**

# 21 वचन

## सब-इंस्पेक्टर (SI) की विगत भर्ती परीक्षाओं में पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. बहुधा एकवचन में प्रयुक्त होने वाला शब्द है—** **[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]**
(A) तेल (B) आप (C) सब (D) अनेक

**2. प्रायः बहुवचन क्रिया के साथ प्रयुक्त होने वाला संज्ञा शब्द है—** **[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]**
(A) सोना (B) आकाश (C) आँसू (D) घी

**3. निम्नलिखित में से सदैव एकवचन क्रिया के साथ प्रयुक्त होने वाला शब्द है—** **[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]**
(A) दाम (B) होश (C) आग (D) भाग्य

**4. एकवचन–बहुवचन का बेमेल विकल्प है—** **[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]**
(A) वृद्ध – वृद्धजन (B) डाली – डालियाँ
(C) डिब्बा – डिबिया (D) चिड़िया – चिड़ियाँ

**5. निम्नलिखित किस शब्द का बहुवचन रूप 'अशुद्ध' है?** **[Platoon Commander-I • 22-11-2025]**
(A) शाखा – शाखाएँ (B) कथा – कथाएँ
(C) आशीर्वाद – आशीर्वादों (D) वधू – वधुओं

**6. 'वचन' के संबंध में कौन-सा तथ्य सही नहीं है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)** **[Platoon Commander-I • 22-11-2025]**
(A) संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रिया के जिस रूप से संख्या का बोध हो उसे वचन कहते हैं।
(B) हिंदी में वचन के दो प्रकार हैं – एकवचन और बहुवचन।
(C) वचन का मुख्य कार्य शब्दों के लिंग भेद का बोध का कराना है।
(D) शब्द के जिस रूप से एक पदार्थ या व्यक्ति का बोध होता है, उसे एकवचन कहते हैं।

**7. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'बहुवचन' बोधक है?** **[Platoon Commander-I • 22-11-2025]**
(A) कामना (B) अध्यापिका
(C) डिबिया (D) गुड़ियाँ

**8. एकवचन में प्रयुक्त होने वाला शब्द है—** **[SI 15.09.2021]**
(A) हस्ताक्षर (B) दर्शन (C) प्राण (D) भीड़

**9. निम्नलिखित में बहुवचन के लिए प्रयुक्त होने वाला शब्द कौन सा है?** **[SI 15.09.2021]**
(A) प्रेम (B) लोग (C) घी (D) पानी

**10. 'प्रवृत्ति' शब्द का विलोम है—** **[SI 14.09.2021]**
(A) आवृत्ति (B) निवृत्ति (C) सुवृत्ति (D) संवृत्ति

**11. कौन सा शब्द बहुवचन में प्रयुक्त नहीं होता है ?** **[SI 14.09.2021]**
(A) दुनिया (B) अनेक (C) आप (D) तेवर

**12. कौन सा शब्द सदैव एकवचन में प्रयुक्त होता है?** **[SI 13.09.2021]**
(A) आकाश (B) बाल (C) आँसू (D) होश

**13. उत्तमपुरुष बहुवचन संबंध कारक है—** **[SI 05.06.2014]**
(A) तुम्हारा (B) उसका (C) मेरा (D) हमारा

**14. 'वर्षा' शब्द का उचित बहुवचन चुनिए—** **[SI 05.06.2014]**
(A) वर्षाएँ (B) वर्षाओं (C) वर्षा (D) वर्षागण

## वर्तमान परीक्षाओं में पूछे जा रहे प्रश्नों के नये पैटर्न पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**15. अभिकथन (A) और तर्क (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही कूट का चयन कीजिए –**
**अभिकथन (A) –** हिंदी में आदर या सम्मान प्रकट करने के लिए एकवचन संज्ञा के स्थान पर बहुवचन क्रिया का प्रयोग किया जाता है।
**तर्क (R) – 'प्राण', 'लोग', 'दर्शन'** और **'हस्ताक्षर'** जैसे शब्द सदैव एकवचन में ही प्रयुक्त होते हैं।
**कूट–** (A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

**16. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए—**

| सूची–I (शब्द) | सूची–II (वचन की स्थिति) |
|---|---|
| (a) जनता | 1. सदैव बहुवचन |
| (b) होश | 2. सदैव एकवचन |
| (c) वर्षा | 3. सदैव एकवचन |
| (d) हस्ताक्षर | 4. सदैव बहुवचन |

**कूट–** (A) a–2, b–4, c–3, d–1 (B) a–1, b–2, c–4, d–3
(C) a–3, b–1, c–2, d–4 (D) a–2, b–1, c–3, d–4

**17. निम्नलिखित शब्दों को उनके बहुवचन रूप के साथ सुमेलित कीजिए—**

| सूची–I (एकवचन) | सूची–II (बहुवचन रूप) |
|---|---|
| (a) लता | 1. रीतियाँ |
| (b) रीति | 2. लताएँ |
| (c) वधू | 3. गौएँ |
| (d) गौ | 4. वधुएँ |

**कूट–** (A) a–2, b–1, c–4, d–3 (B) a–1, b–2, c–3, d–4
(C) a–2, b–4, c–1, d–3 (D) a–4, b–1, c–2, d–3

**18. निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द 'सदैव एकवचन' में प्रयुक्त होते हैं?**

# 22 पुरुष

## सब-इंस्पेक्टर (SI) की विगत भर्ती परीक्षाओं में पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. किस विकल्प में रेखांकित पद और उसके समक्ष लिखे पुरुष का प्रकार असंगत है?** **[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]**
(A) यह थैली मुझे मिली – उत्तम पुरुष
(B) हम वनवासियों ने ऐसे भूषण आगे कभी न देखे थे – उत्तम पुरुष
(C) पर्वतायन, तू अपने काम में असावधानी मत करियो – मध्यम पुरुष
(D) यही तो हम भी कहते हैं – अन्य पुरुष

**2. किस विकल्प में मध्यम पुरुष का प्रयोग हुआ है?** **[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]**
(A) हम पहले भाग के आरम्भ में लिख आए हैं।
(B) जो बातें मुनि के पीछे हुई सो उनसे कह दीं।
(C) हे रेवतक, तुम सेनापति को बुलाओ।
(D) कुंभलिक – मुझे क्या दोष है, यह तो हमारा कुल धर्म है।

**3. किस वाक्य में मध्यम पुरुष का प्रयोग हुआ है ?** **[SI 15.09.2021]**
(A) अपने से बड़ों का आदर करना चाहिए।
(B) ऐसे समय में आप साथ न दोगे तो और कौन देगा ?
(C) यह कार्य मैं आप ही कर लूंगा।
(D) आप भला तो जग भला।

**4. किस वाक्य में 'मध्यमपुरुष' का प्रयोग नहीं हुआ है?** **[SI 13.09.2021]**
(A) आपको यही उचित लगता है, तो ठीक है।
(B) यह बात आप ही कह दीजिए।
(C) हम अपने आपको भूल गए।
(D) इस विषय में आपकी क्या राय है?

**5. 'ये आम उसके लिए हैं।' इस वाक्य में रेखांकित अंश है—**
(A) अन्य पुरुष, एकवचन, सम्प्रदान **[SI 05.06.2014]**
(B) मध्यम पुरुष, एकवचन, संप्रदान
(C) उत्तम पुरुष, एकवचन, अपादान
(D) मध्यम पुरुष, एकवचन, संप्रदान

## वर्तमान परीक्षाओं में पूछे जा रहे प्रश्नों के नये पैटर्न पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**6. 'तू' इस मध्य पुरुष के वाचक पद का बहुवचन पद होगा—**
(A) तुम्हें (B) तुम (C) तुम्हारा (D) तीनों ही

**7. 'वे' एवं 'ये' इन पदों के एकवचन पद हैं—**
(A) वह, यह (B) इन्हें, उन्हें
(C) उन्होंने, इन्होंने (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**8. 'मैं, मेरा' आदि शब्द निम्न में से किस पुरुष के वाचक हैं?**
(A) अन्य पुरुष के (B) उत्तम पुरुष के
(C) मध्यम पुरुष के (D) इनमें से कोई नहीं

**9. उत्तम पुरुष के कारक व प्रयुक्त रूप का असंगत युग्म निम्न में से है—**
(A) कर्त्ताकारक — मैं, मैंने, हम, हमने
(B) करणकारक — मुझसे, हमसे
(C) सम्प्रदान कारक — मेरे लिए, हमारे लिए
(D) अधिकरण — उनका, उन्हें

**10. उसके द्वारा, उन्हें, उनको, उस पर आदि किस पुरुष के उदाहरण हैं—**
(A) अन्य पुरुष (B) उत्तम पुरुष
(C) मध्यम पुरुष (D) इनमें से कोई नहीं

**11. तुम पर, आपके लिए आदि शब्द किस पुरुष से संबंधित है—**
(A) अन्य पुरुष (B) उत्तम पुरुष
(C) मध्यम पुरुष (D) इनमें से कोई नहीं

**12. 'वे लोग कल दिल्ली से आए हैं।' इस वाक्य में 'वे' कौन सा पुरुष है?**
(A) उत्तम पुरुष (B) मध्यम पुरुष
(C) अन्य पुरुष (D) संबंधवाचक

**13. 'उसका घर यहाँ से बहुत दूर है।' इस वाक्य में 'उसका' शब्द किस पुरुष से संबंधित है?**
(A) उत्तम पुरुष (B) मध्यम पुरुष
(C) अन्य पुरुष (D) निश्चयवाचक

**14. बोलने वाला या लिखने वाला व्यक्ति अपने नाम के स्थान पर जिन शब्दों का प्रयोग करता है, उन्हें कहते हैं—**
(A) अन्य पुरुष (B) मध्यम पुरुष
(C) उत्तम पुरुष (D) प्रश्नवाचक सर्वनाम

**15. पुरुषवाचक सर्वनामों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही कथन का चयन कीजिए—**
1. 'तू' का प्रयोग सदैव सम्मान और आदर प्रकट करने के लिए किया जाता है।
2. 'आप' शब्द का प्रयोग केवल मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम के रूप में ही होता है, अन्य पुरुष में नहीं।
3. संरचना की दृष्टि से 'तू' एकवचन रूप है, जबकि 'तुम' और 'आप' बहुवचन रूप माने जाते हैं।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें—**
(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 3
(C) केवल 2 और 3 (D) 1, 2 और 3

**16. सर्वनाम शब्दों और उनके पुरुष व कारक रूपों के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए—**

| सूची-1 (सर्वनाम रूप) | सूची-2 (पुरुष) |
|---|---|
| a. मुझसे | 1. मध्यम पुरुष |

# 23 काल

## सब-इंस्पेक्टर (SI) की विगत भर्ती परीक्षाओं में पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. 'यह तेल खदान से निकलता होगा।' वाक्य में काल है—**
[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) संभाव्य भविष्यत् काल (B) सामान्य भविष्यत् काल
(C) संदिग्ध वर्तमान काल (D) अपूर्ण भूतकाल

**2. किस वाक्य में सामान्य भूतकाल का प्रयोग नहीं हुआ है?**
[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) अब यह बेमौत मरा।
(B) आप चलिए, मैं अभी आया।
(C) गाड़ी सवेरे आई।
(D) श्रीकृष्ण ने गोवर्धन कैसे उठाया होगा।

**3. इनमें से संदिग्ध भूतकाल का प्रयोग किस वाक्य में है?**
[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) उसे हमारी चिट्ठी मिली होगी।
(B) मरा घोड़ा खेत में पड़ा है।
(C) नगर में एक साधु आए हैं।
(D) राजा बैठे हैं।

**4. 'ऐसा करो जिसमें बात बन जाये।' वाक्य में काल है—**
[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) संभाव्य भविष्यत् काल (B) सामान्य भविष्यत् काल
(C) सामान्य वर्तमान काल (D) संदिग्ध वर्तमान काल

**5. नीचे दो कथन दिए गए हैं—**
**कथन I** – वर्तमान काल के पाँच भेद होते हैं।
**कथन II** – 'वह पढ़ता होगा।' वाक्य पूर्ण वर्तमान का उदाहरण है।
**उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए—**[Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) कथन I और II दोनों सही हैं।
(B) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(C) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(D) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।

**6. निम्नलिखित में से 'भूतकाल' से संबद्ध वाक्यों का चयन कीजिए—**
a. कृष्ण का बचपन बीत गया।
b. माली फूलों से माला बनाता है।
c. जापान अपने अतीत को भूल चुका।
d. एकलव्य अभ्यासरत है।
e. कालिदास ने मेघदूत लिखा है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए—**
[Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) केवल a, d, और e (B) केवल a, c, और e
(C) केवल b, d, और e (D) केवल a, b, और c

**7. 'वह चला होगा।' यह वाक्य किस काल से संबंधित है?** [SI 15.09.2021]
(A) सामान्य भूत (B) संभाव्य भविष्यत्
(C) संदिग्ध वर्तमान (D) संदिग्ध भूत

**8. अपूर्ण वर्तमान काल का उदाहरण है—** [SI 15.09.2021]
(A) प्रातःकाल ठंडी हवा चलती है।
(B) मैंने यह पुस्तक पढ़ी है।
(C) रेलगाड़ी तेजी से आ रही है।
(D) वह आता तो हम खेलने जाते।

**9. किस वाक्य में 'हेतुहेतुमद् भूतकाल' का प्रयोग हुआ है—**
[SI 07.10.2018]
(A) गुरुजी आएँगे तो अध्यापन होगा।
(B) उसने खाना खाया और चल पड़ा।
(C) अब तक बस जा चुकी होगी।
(D) सावधानी बरतते तो दुर्घटना न होती।

**10. 'अपूर्ण भूत' का उदाहरण है—** [SI 05.06.2014]
(A) पत्र मिल गया था। (B) बालक सो रहा था।
(C) वर्षा हुई होगी। (D) वर्षा हुई थी।

**11. 'हेतुहेतुमद् भूत' का उदाहरण है—** [SI 05.06.2014]
(A) तुम आते तो मेरा काम बन जाता।
(B) लड़के थक गए थे।
(C) इस साल बारिश होने की संभावना कम है।
(D) घोड़े के चार पैर और दो कान होते हैं।

## वर्तमान परीक्षाओं में पूछे जा रहे प्रश्नों के नये पैटर्न पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**12. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए—**

| सूची-I (काल के भेद) | सूची-II (उदाहरण) |
|---|---|
| (a) सामान्य वर्तमान काल | (1) शायद कोई बाहर खड़ा हो। |
| (b) अपूर्ण वर्तमान काल | (2) वह प्रतिदिन विद्यालय जाता है। |
| (c) संदिग्ध वर्तमान काल | (3) माँ रसोई में खाना बना रही है। |
| (d) संभाव्य वर्तमान काल | (4) माँ खाना बनाती होगी। |

**कूट—**(A) a–2, b–3, c–4, d–1 (B) a–2, b–4, c–3, d–1
(C) a–3, b–2, c–1, d–4 (D) a–1, b–3, c–4, d–2

**13. 'अपूर्ण भूतकाल' के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार करें और सही कूट का चयन करें—**
1. इससे यह ज्ञात होता है कि क्रिया भूतकाल में हो रही थी।
2. इससे क्रिया की समाप्ति का पता चल जाता है।
3. इसे 'तात्कालिक भूतकाल' भी कहा जा सकता है।
4. इसके वाक्यों के अंत में 'रहा था, रही थी, रहे थे' आते हैं।

**कूट—**
(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2 और 3

# 24 वृत्ति [Mood]

## सब-इंस्पेक्टर (SI) की विगत भर्ती परीक्षाओं में पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. आज्ञार्थक वृत्ति का उदाहरण है—[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]**
(A) संभव है, वह आया हो।
(B) तुम वहाँ न जाना।
(C) हो सकता है कि कहीं वर्षा हुई हो।
(D) यदि मेरा भाई यहाँ होता, तो तुम ऐसे न कहते।

**2. 'सदा सुखी रहो।' वाक्य किस वृत्ति से संबंधित है?**
**[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]**
(A) आज्ञार्थ (B) संकेतार्थ
(C) इच्छार्थ (D) निश्चयार्थ

**3. 'अगर वर्षा हुई तो वह नहीं आएगा।' इस वाक्य में कौनसी 'वृत्ति' है?**
(A) संकेतार्थ (B) निश्चयार्थ **[SI 15.09.2021]**
(C) संभावनार्थ (D) इच्छार्थ

**4. निम्नलिखित में 'संकेतार्थ वृत्ति' का उदाहरण है— [SI 14.09.2021]**
(A) उसने अपना कार्य कर लिया है।
(B) ईश्वर सबका भला करे।
(C) यदि तुम पढ़ाई करते तो उत्तीर्ण हो जाते।
(D) क्या तुम मेरा काम कर दोगे ?

**5. 'आप उधर बैठिए' – वाक्य में वृत्ति है— [SI 14.09.2021]**
(A) निश्चयार्थ वृत्ति (B) आज्ञार्थ वृत्ति
(C) संकेतार्थ वृत्ति (D) संभावनार्थ वृत्ति

**6. 'निश्चयार्थ वृत्ति' का प्रयोग किस वाक्य में हुआ है?[SI 13.09.2021]**
(A) हमें सदैव सच बोलना चाहिए।
(B) बच्चे ने पुस्तक पढ़ ली है।
(C) भगवान सबका भला करे।
(D) शायद वह आज आ जाए।

**7. किस वाक्य में क्रिया की 'संभावनार्थवृत्ति' का प्रयोग हुआ है—**
(A) लगता है इस बार अच्छी बरसात होगी। **[SI 07.10.2018]**
(B) अध्ययन करने-वाला छात्र अच्छे अंक प्राप्त करता है।
(C) बालक घर जा चुका था।
(D) दो और दो मिलकर चार होते हैं।

**8. 'बारिश होगी तो हम भी पिकनिक चलेंगे।' इस वाक्य में है—**
(A) संभावनार्थ वृत्ति (B) संकेतार्थ वृत्ति**[SI 05.06.2014]**
(C) निश्चयार्थ वृत्ति (D) आज्ञार्थक वृत्ति

## वर्तमान परीक्षाओं में पूछे जा रहे प्रश्नों के नये पैटर्न पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**9. अभिकथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़ें और सही विकल्प का चयन करें -**
**अभिकथन (A)** – ''तुम अभी यहाँ से चले जाओ'' तथा ''कृपया मुझे अपनी पुस्तक दे दीजिए'' दोनों वाक्यों में आज्ञार्थक वृत्ति का प्रयोग हुआ है।
**कारण (R)** – आज्ञार्थक वृत्ति में केवल वक्ता द्वारा दिए गए कठोर आदेश का ही बोध होता है, इसमें विनय, प्रार्थना या अनुमति का समावेश नहीं होता।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें -**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

**10. इच्छार्थक वृत्ति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
1. वक्ता की इच्छा, आशा, आशीर्वाद या शाप (बद्दुआ) व्यक्त करने वाली क्रियाएँ इच्छार्थक वृत्ति कहलाती हैं।
2. ''ईश्वर तुम्हारा सत्यानाश करे'' वाक्य में वक्ता का क्रोध प्रदर्शित हो रहा है, इसलिए इसे इच्छार्थक वृत्ति नहीं माना जा सकता।
3. ''हमें हमेशा अपने माता-पिता का आदर करना चाहिए'' जैसे उपदेशात्मक वाक्य भी इच्छार्थक वृत्ति के अंतर्गत गिने जाते हैं।

**दिए गए कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?**
(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1 और 3 (D) 1, 2 और 3

**11. निम्नलिखित में से किन वाक्यों में 'संभावनार्थक वृत्ति' का उचित प्रयोग हुआ है?**
a. हो सकता है, वह कल तक जयपुर पहुँच जाए।
b. यदि वह मन लगाकर पढ़ता, तो अवश्य उत्तीर्ण होता।
c. शायद आज शाम को मूसलाधार वर्षा हो।
d. अब तक तो रेलगाड़ी स्टेशन से जा चुकी होगी।

**कूट-** (A) a, b और c (B) a, c और d
(C) b, c और d (D) a, b, c और d

**12. 'सामर्थ्यसूचक वृत्ति' के विभिन्न प्रकारों को उनके उचित उदाहरणों के साथ सुमेलित कीजिए—**

| | सूची-1 (वृत्ति) | | सूची-2 (उदाहरण) |
|---|---|---|---|
| a. | शारीरिक सामर्थ्य | 1. | रमेश इस कठिन गणितीय पहेली को आसानी से सुलझा सकता है। |
| b. | बौद्धिक सामर्थ्य | 2. | मैं यह 15 लाख रुपये की कार तुरंत नकद खरीद सकता हूँ। |
| c. | अधिकारिक सामर्थ्य | 3. | वह पहलवान 100 किलो का वजन अकेले उठा सकता है। |
| d. | आर्थिक सामर्थ्य | 4. | पुलिस अधीक्षक तुम्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर सकते हैं। |

**कूट–** (A) a-3, b-1, c-4, d-2 (B) a-3, b-4, c-1, d-2
(C) a-1, b-3, c-2, d-4 (D) a-4, b-2, c-3, d-1

# 25 पक्ष [Aspect]

## सब-इंस्पेक्टर (SI) की विगत भर्ती परीक्षाओं में पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. 'वह विद्यालय जा चुका था।' वाक्य में पक्ष है—**
[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) नित्यताबोधक पक्ष (B) सातत्यबोधक पक्ष
(C) आवृत्तिमूलक पक्ष (D) पूर्णकालिक पक्ष

**2. 'सूर्य पूर्व दिशा में उगता है।' इस वाक्य में किस 'पक्ष' का बोध कराया गया है?** [Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) नित्यता बोधक (B) आवृत्तिमूलक
(C) प्रगति बोधक (D) पूर्णता बोधक

**3. 'छात्र पढ़ रहे हैं।' यह वाक्य किस 'पक्ष' से संबंधित है ?**
(A) नित्यताबोधक (B) सातत्यबोधक [SI 15.09.2021]
(C) आवृत्तिमूलक (D) पूर्णकालिक

**4. किस वाक्य में 'कर्मवाच्य' का प्रयोग नहीं हुआ है ?**
(A) चोर पकड़ा गया। [SI 14.09.2021]
(B) वह बहुत देर से पढ़ रहा है।
(C) खेतों की जुताई की जा चुकी है।
(D) विद्यार्थियों द्वारा श्रमदान किया गया।

**5. 'आवृत्तिमूलक पक्ष' से संबंधित वाक्य है—** [SI 13.09.2021]
(A) मोहन अध्यापक है। (B) बालक पुस्तक पढ़ रहा है।
(C) बच्ची सो चुकी है। (D) वह स्कूल जाता है।

**6. निम्नलिखित में किस विकल्प में आवृत्तिमूलक पक्ष है ?**
[SI 14.09.2021]
(A) अध्यापक पढ़ा रहे हैं। (B) किताब अलमारी में है।
(C) माँ खाना बनाती है। (D) उसने गीत सुना दिया ।

**7. किस वाक्य में क्रिया के 'सातत्यबोधक पक्ष' का प्रयोग हुआ है—**
(A) मैं रोज सुबह टहलने जाता हूँ। [SI 07.10.2018]
(B) वह स्नान करके मंदिर जाता है।
(C) विद्यार्थी पुस्तकालय में बैठकर समाचार पत्र पढ़ते हैं।
(D) मोहन अपनी कक्षा में पढ़ा रहा है।

**8. किस विकल्प में क्रिया के 'पूर्णताबोधक पक्ष' का प्रयोग हुआ है—**
(A) अब बरसात रुक गई है। [SI 07.10.2018]
(B) अध्यापक छात्रों को अनुशासन सिखाते हैं।
(C) किसान बहुत परिश्रम करता है।
(D) वह राष्ट्रभक्तिपूर्ण गीत लिखता है।

**9. 'बच्चे खेल रहे थे।' इस वाक्य में है—** [SI 05.06.2014]
(A) नित्यता बोधक पक्ष (B) प्रगति बोधक पक्ष
(C) पूर्णता बोधक पक्ष (D) सातत्य बोधक पक्ष

## वर्तमान परीक्षाओं में पूछे जा रहे प्रश्नों के नये पैटर्न पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**10. निम्नलिखित सूची-1 को सूची-2 के साथ सुमेलित कीजिए—**

| सूची-1 (वाक्य) | सूची-2 (पक्ष) |
|---|---|
| a. वह सुबह-सुबह टहला करता है। | 1. नित्यताबोधक पक्ष |
| b. पृथ्वी अपनी धुरी पर घूमती है। | 2. अभ्यास द्योतक पक्ष |
| c. रमेश कक्षा में बातें करता रहता है। | 3. आरंभद्योतक पक्ष |
| d. अब बारिश होने लगी है। | 4. आवृत्तिमूलक पक्ष |

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनें -**
(A) a-2, b-1, c-4, d-3 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-4, b-3, c-2, d-1 (D) a-2, b-4, c-1, d-3

**11. पूर्णताबोधक पक्ष के संदर्भ में दिए गए वाक्यों में से सही उदाहरणों का चयन करें -**
a. किसान खेत में फसल काट चुका है।
b. आसमान में काले बादल छाने लगे हैं।
c. मैंने राजस्थान का इतिहास भली-भाँति पढ़ लिया है।
d. वह प्रतिदिन पुस्तकालय जाता है।
e. रेलगाड़ी निर्धारित समय पर स्टेशन पहुँच गई है।
**नीचे दिए गए कूट में से सही विकल्प चुनें -**
(A) a, b, d (B) a, c, e
(C) b, c, d (D) a, d, e

**12. नीचे दिए गए वाक्यों को क्रिया के पक्ष के अनुसार तार्किक क्रम में व्यवस्थित करें–**
a. धावक ने ट्रैक पर दौड़ना शुरू किया है।
b. धावक अपनी दौड़ पूरी कर चुका है।
c. धावक दौड़ रहा है।
d. धावक की दौड़ने की गति निरंतर तेज होती जा रही है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त क्रम चुनें -**
(A) a, d, c, b (B) a, c, d, b
(C) c, a, d, b (D) a, b, c, d

**13 . निम्नलिखित सूची-1 को सूची-2 के साथ सुमेलित कीजिए—**

| सूची-1 (पक्ष के भेद) | सूची-2 (परिभाषा/पहचान) |
|---|---|
| a. आरंभद्योतक पक्ष | 1. क्रिया के व्यापार का पूर्ण रूप से समाप्त हो जाना। |
| b. सातत्यबोधक पक्ष | 2. क्रिया के व्यापार का अभी-अभी शुरू होना। |
| c. पूर्णताबोधक पक्ष | 3. क्रिया के व्यापार में निरंतर वृद्धि या कमी का होना। |
| d. प्रगतिबोधक पक्ष | 4. क्रिया के व्यापार का बिना किसी बदलाव के निरंतर चालू रहना। |

कूट- (A) a-2, b-4, c-1, d-3 (B) a-3, b-4, c-2, d-1
(C) a-2, b-1, c-4, d-3 (D) a-4, b-2, c-1, d-3

# 26 वाच्य [Voice]

## सब-इंस्पेक्टर (SI) की विगत भर्ती परीक्षाओं में पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. निम्नलिखित में से किस विकल्प में कर्मवाच्य नहीं है?** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) कलाकार द्वारा मूर्ति गढ़ी जाती है।
(B) यह काम मुझसे नहीं होगा।
(C) पुस्तक खरीदी जाती है।
(D) राम से कैसे बैठा जायेगा।

**2. निम्नलिखित में से कर्तृवाच्य नहीं है—** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) मनोज चोर को पकड़ता है। (B) मुझको मारा जाता है।
(C) मोहन चित्र देखता है। (D) राम घोड़ा लाता है।

**3. भाववाच्य से संबंधित वाक्य है—** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) मेरे द्वारा पुस्तक पढ़ी गई। (B) वहाँ कैसे बैठा जायेगा।
(C) तुमको यह लिखा जाता है। (D) सिपाही सरदार बनाया गया।

**4. किस विकल्प में कर्मवाच्य नहीं है?** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) इत्तला दी जाती है।
(B) मेरे द्वारा व्यायाम किया जाता है।
(C) यह फिर देखा जायेगा।
(D) रानी ने सहेलियों को बुलाया।

**5. इनमें से कौनसा वाक्य 'कर्मवाच्य' का उदाहरण है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)** [Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) सरकार के द्वारा घोषणा की गई।
(B) गोपाल पत्र लिखता है।
(C) मुझसे गाया नहीं जाता।
(D) मैं बोझ नहीं उठा सका।

**6. 'आम खाया जाता है।' इस वाक्य का संबंध किस 'वाच्य' से है?** [Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) भाववाच्य (B) कर्तृवाच्य (C) कर्मवाच्य (D) परवाच्य

**7. 'वाच्य' के कितने भेद होते हैं?** [Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) दो (B) तीन (C) चार (D) पाँच

**8. 'कर्मवाच्य' से संबंधित वाक्य है—** [SI 15.09.2021]
(A) वह पुस्तक पढ़ रहा है।
(B) सैनिक दिनरात सीमाओं की रक्षा करते हैं।
(C) बच्चा सो चुका है।
(D) आपका कार्य कर दिया है।

**9. किस वाक्य में 'भाववाच्य' का प्रयोग हुआ है?** [SI 15.09.2021]
(A) पुलिस से अपराधी नहीं पकड़े गए।
(B) लड़के से कविता नहीं लिखी गई।
(C) बुढ़ापे में ठीक से चला नहीं जाता।
(D) उससे पुस्तक नहीं पढ़ी गई।

**10. इनमें से 'कर्मवाच्य' किस वाक्य में है'?** [SI 14.09.2021]
(A) राम बचपन में नानी से कहानियाँ सुनता था।
(B) गर्मियों में लोग नदी किनारे नहाने जाते हैं।
(C) पहले लोग सिनेमा हॉल में फिल्में देखने जाते थे।
(D) 'रामायण' सीरियल का निर्माण रामानन्द सागर द्वारा किया गया था।

**11. किस विकल्प में भाववाच्य है ?** [SI 14.09.2021]
(A) यह पुस्तक पढ़ी गई थी। (B) मोहन से बैठा नहीं गया।
(C) तीन लुटेरे पकड़े गए। (D) अशोक ने खाना खाया।

**12. किस वाक्य में 'भाववाच्य' नहीं है ?** [SI 13.09.2021]
(A) मुझसे सुबह जल्दी नहीं उठा जाता।
(B) वह प्रतिदिन स्कूल नहीं जाता है।
(C) छोटे बच्चों से सीढ़ियाँ नहीं चढ़ी जातीं।
(D) कमज़ोरी के कारण लड़के से चला नहीं जाता।

**13. कौन सा कथन सही नहीं है ?** [SI 13.09.2021]
(A) प्रेरणार्थक क्रियाएँ सदैव सकर्मक ही होती हैं।
(B) 'भाववाच्य' केवल अकर्मक क्रियाओं में ही होता है।
(C) 'कर्मवाच्य' अकर्मक और सकर्मक दोनों क्रियाओं में होता है।
(D) 'कर्तृवाच्य' भी अकर्मक और सकर्मक दोनों क्रियाओं में होता है।

**14. 'कर्तृवाच्य' से संबंधित वाक्य है—** [SI 13.09.2021]
(A) चोर पकड़ा गया है। (B) यह बात उससे पता चली।
(C) लड़का पढ़ रहा है। (D) किसान द्वारा फसल काट ली गई।

**15. किस वाक्य में 'कर्मवाच्य' नहीं है—** [SI 07.10.2018]
(A) उससे खाना नहीं खाया गया।
(B) छात्र द्वारा पुस्तक पढ़ी गई।
(C) बालक खिलखिलाकर हँस रहा था।
(D) दोषी व्यक्ति द्वारा क्षमायाचना की गई।

**16. इनमें 'भाववाच्य' से संबंधित वाक्य है—** [SI 07.10.2018]
(A) सर्दियों में रोज नहाया नहीं जाता।
(B) वृद्ध आराम से बैठ नहीं सकता।
(C) लोग खुलकर हँस रहे थे।
(D) 'रामचरितमानस' ग्रन्थ तुलसी द्वारा लिखा गया।

**17. इनमें से किस वाक्य में 'कर्तृवाच्य' का प्रयोग हुआ है—** [SI 07.10.2018]
(A) छात्रों द्वारा सजावट की गई।
(B) मजदूर से दर्द के कारण उठा नहीं गया।
(C) आज नागरिकों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया।
(D) मोहन पुस्तक पढ़ रहा है।

**18. 'भाववाच्य' वाला वाक्य इनमें से कौन-सा है?** [SI 05.06.2014]
(A) मालती खाना खाती है। (B) रमेश खाना खा सकता है।
(C) हिमेश से दौड़ा नहीं जाता। (D) रक्षा दौड़ नहीं सकती।

# 27 वाक्य रचना

## सब-इंस्पेक्टर (SI) की विगत भर्ती परीक्षाओं में पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. 'वहाँ मत खेलो।' अर्थ के आधार पर यह वाक्य है—**
[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) विधिवाचक (B) इच्छावाचक
(C) आज्ञावाचक (D) संकेतवाचक

**2. किसी वाक्य में उद्देश्य के विषय में जो विधान किया जाता है, उसे सूचित करने वाले शब्दों को कहते हैं—** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) उपवाक्य (B) विधेय
(C) संज्ञा वाक्यांश (D) निपात

**3. 'सुशील ने कहा कि मैं गाँव नहीं जाऊँगा।' वाक्य में प्रधान उपवाक्य है—** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) सुशील ने कहा (B) नहीं जाऊँगा
(C) मैं गाँव नहीं जाऊँगा (D) गाँव नहीं जाऊँगा

**4. संयुक्त वाक्य का उदाहरण है—** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) जब-जब मुझे काम पड़ा, तब-तब आपने सहायता दी।
(B) जहाँ अभी समुद्र है, वहाँ किसी समय जंगल था।
(C) वे लोग भी वहीं से आए, जहाँ से आर्य लोग आए थे।
(D) पेड़ के जीवन का आधार केवल पानी ही नहीं है, वरन् कई और पदार्थ भी हैं।

**5. निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य नहीं है—** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) मैं तुम्हें वहाँ भेजूँगा, जहाँ श्याम गया है।
(B) यहाँ ऐसे कई लोग हैं, जो दूसरों की चिंता नहीं करते।
(C) विद्या से ज्ञान बढ़ता है और विचारशक्ति प्राप्त होती है।
(D) जब अँधेरा हुआ, तब हम लोग सो गये।

**6. संयुक्त वाक्य का उदाहरण है—** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) जब सबेरा हुआ, हम लोग बाहर गए।
(B) हम चाहते हैं कि लड़के नीरोग रहें।
(C) तुमको यह कब योग्य है कि बन में बसो।
(D) उन्हें न नींद आती थी, न भूख-प्यास लगती थी।

**7. 'आकाश में तारे निकलते हैं।' वाक्य में पक्ष है—**
[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) आवृत्तिमूलक पक्ष (B) सातत्यबोधक पक्ष
(C) नित्यताबोधक अपूर्ण पक्ष (D) पूर्णकालिक पक्ष

**8. 'श्याम को गाड़ी नहीं मिली <u>क्योंकि वह समय पर नहीं गया।</u>' वाक्य में रेखांकित उपवाक्य का प्रकार है—** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) प्रधान उपवाक्य (B) संज्ञा उपवाक्य
(C) विशेषण उपवाक्य (D) क्रिया-विशेषण उपवाक्य

**9. 'यदि वह पढ़ाई करता, तो अवश्य उत्तीर्ण होता।' अर्थ के आधार पर यह वाक्य है—** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) निषेधवाचक (B) संदेहवाचक
(C) इच्छावाचक (D) संकेतवाचक

**10. मिश्र वाक्य का उदाहरण है—** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) वहाँ जो कुछ देखने योग्य था, मैंने सब देख लिया।
(B) मुझे उन लोगों का भेद लेना था, सो मैं वहाँ ठहरकर उनकी बातें सुनने लगा।
(C) आप सब प्रकार से समर्थ हैं, आप इस काम को कर सकते हैं।
(D) या तो आप स्वतः आइए या अपने नौकर को भेजिए।

**11. साधारण उद्देश्य में प्रयुक्त नहीं होता है—**[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) संज्ञा (B) सर्वनाम
(C) विशेषण (D) क्रिया-विशेषण

**12. नीचे दो कथन दिए गए हैं-**
**कथन I** – वाक्य, भाषा की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है।
**कथन II** – वाक्य में पदों का क्रम नियमानुसार जरूरी नहीं होता।
**उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए—**[Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) कथन I और II दोनों सही हैं।
(B) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(C) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(D) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।

**13. नीचे दो कथन दिए गए हैं-**
**कथन I** – मिश्र वाक्य में एक सरल वाक्य तथा उसके आश्रित एक या अधिक उपवाक्य होते हैं।
**कथन II** – संयुक्त वाक्य के दो से अधिक उपवाक्यों को प्रधान वाक्य में बदलकर मिश्र वाक्य बनाया जाता है।
**उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए—** [Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) कथन I और II दोनों सही हैं।
(B) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(C) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(D) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।

**14. सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए—**

| सूची I (उदाहरण) | सूची II (वाक्य भेद) |
|---|---|
| a. आपको क्या चाहिए? | I. आज्ञावाचक वाक्य |
| b. एक चम्मच शहद लाओ। | II. इच्छावाचक वाक्य |
| c. शायद ही गोवा जाना होगा। | III. संदेहवाचक वाक्य |
| d. पिताजी आ जाएँ तो अच्छा हो। | IV. प्रश्नवाचक वाक्य |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए—**
[Platoon Commander-I • 22-11-2025]

# 28 वाक्य शुद्धि

## सब-इंस्पेक्टर (SI) की विगत भर्ती परीक्षाओं में पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. किस विकल्प में अशुद्ध वाक्य नहीं है?** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) आपने रचनाओं में यही बात कई बार कहा है।
(B) उन्होंने आँखें फेरना ही सीख रखी हैं।
(C) यह शरीर नष्ट हो जाएगा।
(D) हिन्दी की शिक्षा अनिवार्य कर दिया।

**2. किस विकल्प में अशुद्ध वाक्य है?** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) यह रोग चिन्ताजनक है।
(B) यह एक गंभीर समस्या है।
(C) इसका कुछ भी अर्थ नहीं है।
(D) किसी आगामी घटना की कल्पना मेरे मन में न थी।

**3. शुद्ध वाक्य है—** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) विद्यार्थियों की मेले में कई टोलियां थी।
(B) वह पुत्रवत् अपनी प्रजा का पालन करता था।
(C) आपने किसी छात्रों की सभा में कहा।
(D) जहाँ तक हो सके आप इस बात का प्रयत्न करें।

**4. किस विकल्प में अशुद्ध वाक्य नहीं है?**
(A) मैं वहाँ कई बार जा आया हूँ। [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(B) वह आगे बढ़ सकने का प्रयत्न करता है।
(C) यह रुपया नहीं पा पाया।
(D) मैं उसे सब-कुछ समझा दूँगा।

**5. किस विकल्प में अशुद्ध वाक्य है?** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) देश के प्रति प्रेम न होने से वह टुकड़ों में बँट जाएगा।
(B) गाड़ी के नीचे दबने से लड़के की मृत्यु हो गई।
(C) आँसू गैस छोड़कर उपद्रवी पकड़े गये।
(D) सब चिन्ता दूर होने से मन शान्त हो गया।

**6. किस विकल्प में शुद्ध वाक्य है?** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) उन्हें समझ में आ जायेगा।
(B) मेरा और मेरे मित्रों का इस मेले में जाना हुआ।
(C) यह लोग क्या कहते हैं?
(D) तुम्हारे से कोई काम नहीं हो सकता।

**7. किस विकल्प में शुद्ध वाक्य है?** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) वह अत्यंत ही सुन्दर है। (B) ये बातें केवल दिखावा भर थीं।
(C) वह अवश्य ही हमसे मिलेगा। (D) मैं इतना ही चाहता हूँ।

**8. अशुद्ध वाक्य है—** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) उपस्थित लोगों ने संकल्प किया।
(B) मैं उनका धन्यवाद करता हूँ।
(C) हम अपनी माँगें प्रस्तुत करते हैं।
(D) जैन साहित्य प्राकृत में लिखा गया है।

**9. शुद्ध वाक्य है—** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) विन्ध्याचल पर्वत हिमालय से प्राचीन है।
(B) नौजवानों को आगे आना चाहिए।
(C) इसके बाद फिर क्या हुआ?
(D) वह सचिवालय कार्यालय में लिपिक है।

**10. अशुद्ध वाक्य है—** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) जज ने उसे मृत्युदण्ड दिया। (B) मेरे पास केवल एक घड़ी है।
(C) तुम वापस लौट जाओ। (D) मैं प्रातःकाल पढ़ता हूँ।

**11. किस विकल्प में अशुद्ध वाक्य है?** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) पुस्तक विद्वतापूर्ण लिखी गयी।
(B) छात्र दृढ़ता से संगठित रहे।
(C) वे इसे न समझ सकते हैं, न बोल सकते हैं।
(D) यदि मेरी सुनें तो कभी न जायें।

**12. किस विकल्प में शुद्ध वाक्य है?** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) देश में सर्वत्र शान्ति है। (B) यह पत्र आपके अनुसार है।
(C) एकमात्र दो उपाय हैं। (D) वह उदास चेहरे से चल दिये।

**13. किस विकल्प में शुद्ध वाक्य है?** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) कई स्थलों में ऐसा बताया गया है। (B) इन दोनों घरों के बीच एक दीवार है।
(C) वह नदी में पानी भरने गयी है। (D) वह कुरता डालकर गया है।

**14. किस विकल्प में शुद्ध वाक्य नहीं है?** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) इसको दंगा कहकर पुकारना अनुचित है।
(B) घर में कैसा वातावरण है।
(C) वह संगीत सीखती है और हिन्दी पढ़ती है।
(D) जीवन और साहित्य का घनिष्ठ सम्बन्ध है।

**15. 'अशुद्ध वाक्यों' का चयन कीजिए—**
a. यह कहना आपकी गलती है।
b. मैं हल करने की तलाश में हूँ।
c. मुझसे यह काम संभव नहीं हो सकता।
d. वहाँ भारी भीड़ लगी थी।
e. साहित्य और जीवन का घोर संबंध है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए—**
[Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) केवल a, b, और d (B) केवल b, c, और e
(C) केवल c, d, और e (D) केवल a, b, और c

**16. 'हमारी सौभाग्यवती कन्या का विवाह होने जा रहा है।' प्रयोग की दृष्टि से उक्त वाक्य में कौन-सा शब्द 'अशुद्ध' है?**
[Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) हमारी (B) कन्या

# 29 विराम चिह्नों का प्रयोग

## सब-इंस्पेक्टर (SI) की विगत भर्ती परीक्षाओं में पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. विराम चिह्न के प्रयोग के संबंध में असंगत कथन है—**
[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) प्रश्नचिह्न प्रश्नवाचक वाक्य के अंत में लगाया जाता है।
(B) प्रश्नचिह्न ऐसे वाक्यों में नहीं लगाया जाता जिनमें प्रश्न आज्ञा के रूप में हो।
(C) जिन वाक्यों में प्रश्नवाचक शब्दों का अर्थ संबंधवाचक शब्दों का-सा होता है, उनमें प्रश्नचिह्न नहीं लगाया जाता।
(D) वाक्य के अंत में प्रश्न अथवा आश्चर्य का चिह्न आने पर पूर्ण विराम लगाया जाता है।

**2. कौन सा विकल्प विराम चिह्न के प्रयोग की दृष्टि से दोषरहित है?**
[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) कृपया यह बताने का कष्ट करें, कि हम क्या पढ़ें!
(B) कृपया यह बताने का कष्ट करें कि हम क्या पढ़ें?
(C) कृपया, यह बताने का कष्ट करें कि हम क्या पढ़ें!
(D) कृपया यह बताने का कष्ट करें कि हम क्या पढ़ें।

**3. यदि वाक्य में प्रयुक्त किसी व्यक्ति या वस्तु की विशिष्टता किसी संबंधवाचक सर्वनाम के माध्यम से बतानी हो, तो वहाँ किस विराम चिह्न का प्रयोग किया जा सकता है?** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) अर्द्धविराम चिह्न (B) अल्पविराम चिह्न
(C) योजक चिह्न (D) विस्मयादिबोधक चिह्न

**4. 'इक्कीस मील चौड़ी दुनिया की सबसे बड़ी नहर यही है।' इस वाक्य में 'चौड़ी' शब्द के बाद कौन सा विराम चिह्न प्रयुक्त होगा?**
[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) तुल्यतासूचक (B) अवतरण चिह्न
(C) अल्पविराम (D) अर्द्धविराम

**5. किस वाक्य में विराम चिह्नों का असंगत प्रयोग हुआ है?**
[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) पानी बरसा, हवा चली, ओले गिरे।
(B) सूर्य अस्त हुआ; आकाश लाल हुआ; और जंगल में धीरे-धीरे अँधेरा फैलने लगा।
(C) लड़के ने कहा मैं, अभी आता हूँ!
(D) 'प्रदीप' एक हिन्दी दैनिक पत्र है।

**6. 'न जाने अब आगे चलकर क्या होगा' इस वाक्य के अन्त में निम्नलिखित में से उपयुक्त विराम चिह्न होगा—** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) पूर्णविराम चिह्न (B) विस्मय-सूचक चिह्न
(C) प्रश्न चिह्न (D) लाघव चिह्न

**7. किस वाक्य में विराम चिह्नों का समुचित प्रयोग नहीं हुआ है?**
[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) कैसा? बेहूदा आदमी है?
(B) देखिए, कैसा सुगम शब्द बन गया !
(C) वे नदी, नाले पार करते चले।
(D) वाह ! उसने तो तुम्हें अच्छा धोखा दिया !

**8. निर्देशक चिह्न के प्रयोग के संबंध में असंगत है—**
[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) बातचीत में रुकावट सूचित करने के लिए
(B) किसी वाक्य में भाव का अचानक परिवर्तन होने पर
(C) किसी विषय के साथ तत्संबंधी अन्य बातों की सूचना देने में
(D) किसी के वाक्यों को उद्धृत करने के पश्चात

**9. जब कई शब्दभेद जोड़े से आते हैं, तब प्रत्येक जोड़े के बाद किस विराम चिह्न का प्रयोग होता है?** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) अल्पविराम (B) अर्द्धविराम
(C) पूर्णविराम (D) कोष्ठक

**10. किसी रचना का रूपांतर करने में बाहर से लगाए गए शब्दों के साथ किस विराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है?** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) अवतरण चिह्न (B) कोष्ठक
(C) तुल्यतासूचक (D) स्थानपूरक

**11. 'प्रश्नवाचक' चिह्न के प्रयोग हेतु निम्नलिखित तथ्य सही नहीं हैं—**
a. जहाँ स्थिति निश्चित न हो।
b. आदरसूचक शब्दों के अंत में।
c. शुभकामनाएँ प्रकट करने में।
d. जहाँ प्रश्न करने या पूछे जाने का बोध हो।
e. हँसी-खुशी व्यक्त करने में।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए–**
[Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) b, c, और e (B) c, d, और e
(C) a, b, और d (D) a, d, और e

**12. 'अल्पविराम' चिह्न के प्रयोग के संदर्भ में कौन-से कथन सही हैं?**
a. इसमें बहुत कम ठहराव होता है।
b. दो बड़े वाक्यांशों के बीच इसका प्रयोग होता है।
c. यदि कोई वाक्य प्रत्यक्ष कथन में हो तो मुख्य कथन के पहले इसे लगाते हैं।
d. विस्मय आदि भावों को व्यक्त करने में इसका उपयोग होता है।
e. जहाँ उद्धरण देना हो, वहाँ इसे प्रयुक्त करते हैं।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए–**
[Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) केवल a, c, और d (B) केवल a, b, और c
(C) केवल c, d, और e (D) केवल a, d, और e

**13. सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए–**

| | सूची I (विराम चिह्न के प्रकार) | | सूची II (प्रयोग और अर्थ) |
|---|---|---|---|
| a. | पूर्णविराम | I. | थोड़ी देर रुकना |

# 30 मुहावरे

## सब-इंस्पेक्टर (SI) की विगत भर्ती परीक्षाओं में पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. निम्नलिखित में से किस मुहावरे का भावार्थ गलत है?**
**[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]**
(A) कान में तेल डालना – कान दर्द होने पर तेल से ठीक करना।
(B) कान खड़े होना – होशियार होना।
(C) कान पर जूँ न रेंगना – ध्यान न देना।
(D) कान भरना – पीठ पीछे शिकायत करना।

**2. 'नकेल हाथ में होना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है—**
(A) रूप तथा वेश में नवीनता दिखाना **[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]**
(B) वश में होना
(C) खाली हाथ होना
(D) अभिमानपूर्ण हाव-भाव दिखाना

**3. 'अन्न-जल उठना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है—**
(A) किसी चीज़ को खराब करना **[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]**
(B) किसी स्थान से संबंध समाप्त होना
(C) मोटा न होना
(D) खाना-पीना मिलना

**4. 'थाह लेना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है—**
**[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]**
(A) चोरी करना (B) लूट लेना
(C) खरीद लेना (D) किसी का भेद लेना

**5. 'हाथ-पाँव फूलना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है—**
**[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]**
(A) बीमार होना (B) भयभीत होना
(C) अपमानित होना (D) कंजूस होना

**6. 'तालू में दाँत जमना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है—**
**[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]**
(A) उपहास होना (B) दुर्दशा के लक्षण प्रकट होना
(C) रोब दिखाना (D) क्रोध में चूर होना

**7. 'नाक का बाल होना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है—**
**[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]**
(A) परेशान करना (B) अधिक प्यारा होना
(C) निर्दोष बचे रहना (D) प्रेम से स्वागत करना

**8. 'गरदन उठाना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है—**
**[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]**
(A) जिम्मेदार होना (B) उत्तरदायित्व लेना
(C) दबाव डालना (D) विरोध करना

**9. 'पौ बारह होना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है—**
**[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]**
(A) सवेरा होना (B) हर तरह से लाभ ही लाभ होना
(C) धन होने का गर्व करना (D) अधिक तारीफ करना

**10. 'कलेजा पक जाना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है—**
(A) घबराहट होना **[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]**
( (B) मार्मिक चोट होना
(C) दुःख सहते-सहते तंग आ जाना
(D) हृदय का निर्बल होना

**11. नीचे दो कथन दिए गए हैं—**
**कथन I** – मुहावरों का अर्थ उनके प्रत्यक्ष अर्थ से भिन्न होता है। अर्थात् ये लक्षणापरक होते हैं।
**कथन II** – मुहावरे का प्रयोग अलग से न होकर वाक्य के प्रसंग में ही होता है।
**उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए—** **[Platoon Commander-I • 22-11-2025]**
((A) कथन I और II दोनों सही हैं।
(B) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(C) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(D) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।

**12. 'कुएँ में भांग पड़ना' का उचित अर्थ होगा – (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)** **[Platoon Commander-I • 22-11-2025]**
(A) चेतावनी मिलना (B) नुकसान होना
(C) सबकी अक्ल मारी जाना (D) विघ्न डालना

**15. 'अपना उल्लू सीधा करना' मुहावरे का अर्थ है—**
**[Platoon Commander-I • 22-11-2025]**
(A) कर्म का फल भोगना (B) बुरी तरह पछताना
(C) अपना काम निकालना (D) संकट मोल लेना

**14. 'गुदड़ी का लाल' मुहावरे का अर्थ है—**
**[Platoon Commander-I • 22-11-2025]**
(A) गरीब का घर में गुणवान का उत्पन्न होना।
(B) अत्यंत लज्जित होना।
(C) अपनी बड़ाई आप करना।
(D) गुप्त बात प्रकट करना।

**15. 'भैंस के आगे बीन बजाना' मुहावरे का अर्थ है—**
**[Platoon Commander-I • 22-11-2025]**
(A) भय के कारण विनम्र हो जाना।
(B) मूर्ख के सामने ज्ञान की बातें करना।
(C) बनते काम को बिगाड़ना।
(D) चापलूसी करना।

# 31 लोकोक्तियाँ

## सब-इंस्पेक्टर (SI) की विगत भर्ती परीक्षाओं में पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. 'जितनी देग उतनी खुरचन' लोकोक्ति का निम्नलिखित में से निकटतम अर्थ है—** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) कथनी और करनी में समानता का भाव।
(B) बुद्धिमान को सब समझ में आ जाता है।
(C) फायदा पूँजी के हिसाब से होना।
(D) बुरे कार्य का बुरा नतीजा होता है।

**2. 'नेकी कर और दरिया में डाल' लोकोक्ति का निकटतम अर्थ है—** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) उपकार करते समय प्रत्युपकार की इच्छा नहीं रखनी चाहिए।
(B) भलाई का बदला बुराई
(C) बहुत चंचल और उपद्रवी
(D) वास्तविक गुणियों का सम्मान नहीं होता।

**3. 'झटपट की घानी, आधा तेल आधा पानी' लोकोक्ति का दिए गए विकल्पों में से निकटतम अर्थ है—**[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) जल्दी का काम अच्छा नहीं होता।
(B) झूठ बोलने में कुछ खर्च नहीं होता।
(C) छोटी जगह में छोटे आदमी भी बड़े समझे जाते हैं।
(D) मौका मिलते ही मिलावट करना।

**4. 'हाथी के पाँव में सबका पाँव' लोकोक्ति का निकटतम अर्थ है—** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) अपना भार अपने को भारी नहीं लगता।
(B) किसी की प्रकृति नहीं बदलती।
(C) बड़े लोगों के साथ छोटों की भी गुज़र हो जाती है।
(D) काम का अधिक भाग समाप्त हो गया।

**5. 'खल की दवा पीठ की पूजा' लोकोक्ति का निम्नलिखित में से निकटतम अर्थ है—** [PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) बेकार आदमी को खुराफात सूझती है।
(B) कहना कुछ और करना कुछ और।
(C) दुआ, दवा का काम करती है।
(D) दुष्ट व्यक्ति पीटने से ही ठीक रहते हैं।

**6. लोकोक्ति और उसके अर्थ की दृष्टि से कौन सा विकल्प सुमेलित नहीं है?** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) भूख में गूलर पकवान – भूख लगने पर स्वादहीन भोजन भी स्वादिष्ट मालूम होता है।
(B) भूखा सो रूखा – भूखे व्यक्ति को रूखा-सूखा भी अच्छा लगता है।
(C) भूखे सियार को सीदा मेवा – भूखे मनुष्य को साधारण भोजन भी बहुत मधुर लगता है।
(D) भूखा सिंह न तिनका खाय – बड़ा आदमी कष्ट आने पर भी छोटा काम नहीं करता।

**7. 'ज़मीन सख़्त आसमान दूर' लोकोक्ति का निम्नलिखित में से निकटतम अर्थ होगा –** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) कड़वी बोली बोलने से लोग शत्रु हो जाते हैं।
(B) कठिन परिस्थिति में होना।
(C) धन के अभाव में व्यक्ति का सम्मान नहीं होना।
(D) सुख और दुख सब जगह होते हैं।

**8. 'दमड़ी की अरहर, सारी रात खड़खड़' लोकोक्ति का निम्नलिखित में से निकटतम अर्थ है—** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) ज़रा से काम को बहुत बढ़ाकर दिखाना।
(B) व्यय तो अधिक परंतु काम थोड़ा हो।
(C) दुर्बल आदमी को सब दबा लेते हैं।
(D) छोटी-सी बात पर बड़ा झगड़ा कर लेना।

**9. 'जैसे साँपनाथ वैसे नागनाथ' लोकोक्ति का निम्नलिखित में से निकटतम अर्थ है—** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) सदैव समान स्थिति में रहना।
(B) जैसा कर्म करते हैं वैसा ही फल भोगना पड़ता है।
(C) दोनों ही दुष्ट प्रकृति के व्यक्ति होना।
(D) गुण और दोष के अनुरूप नाम न होना।

**10. 'बावन तोले पाव रत्ती' लोकोक्ति का निम्नलिखित में से निकटतम अर्थ है—** [PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) अधिक लोगों द्वारा मिलकर कम काम करना।
(B) जो हर तरह से बिलकुल ठीक हो।
(C) बहुत दरिद्र होना।
(D) बुढ़ापे में जवानी की उमंग उठना।

**11. 'सब धान बाईस पसेरी' लोकोक्ति का अर्थ है- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)** [Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) अच्छा-बुरा सबको एक समझना
(B) महँगाई बढ़ जाना
(C) धान की पैदावार बढ़ जाना
(D) धान का सस्ता हो जाना

**12. 'ऊँची दूकान फीका पकवान' लोकोक्ति का अर्थ है- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)** [Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) डींग हाँकना
(B) गुप्त बात प्रकट करना
(C) केवल बाह्य प्रदर्शन
(D) मूर्खों में कुछ पढ़ा-लिखा व्यक्ति

**13. 'आगे नाथ न पीछे पगहा' लोकोक्ति का अर्थ है— निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें—** [Platoon Commander-I • 22-11-2025]
(A) किसी तरह की जिम्मेदारी का न होना।
(B) अकेला आदमी लाचार होता है।
(C) एक काम से दूसरा काम हो जाना।
(D) उच्च और साधारण की तुलना कैसी?

# 32 पारिभाषिक शब्दावली (प्रशासनिक विधिक-विशेषतः)

## सब-इंस्पेक्टर (SI) की विगत भर्ती परीक्षाओं में पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. 'WITNESS' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है—**
[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) साक्षी (B) सक्षम
(C) विवादी (D) सार्वजनिक

**2. 'REALIZE' के लिए हिन्दी पारिभाषिक शब्द नहीं है—**
[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) एहसास (B) वसूल करना
(C) उगाहना (D) अनुभव करना

**3. 'RESIDUARY' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है—**
[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) अधिकार (B) अधिकारिता
(C) अवशिष्ट (D) उद्यमिता

**4. 'LAWFUL' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है—**
[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) वाद (B) न्यायालय
(C) कानून और व्यवस्था (D) विधिसम्मत

**5. 'CONCUR' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है—**
[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) समापन होना (B) असहमति
(C) असहज होना (D) सहमत होना

**6. 'CONSPECTUS' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है—**
[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) संगति (B) समेकन
(C) संदर्शिका (D) संघटक

**7. 'PLEAD' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है—**
[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) प्रसाद (B) तर्क
(C) दलील (D) पैरवी करना

**8. निम्नलिखित में से अंग्रेजी शब्द का संगत हिन्दी पारिभाषिक शब्द है—**
[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) Reinstatement – पुनःस्थापन
(B) Reiterate – सुसंगत
(C) Reimburse – अस्वीकृति
(D) Regularize – विनियामक

**9. किस विकल्प का पारिभाषिक शब्द सुमेलित नहीं है?**
[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) Gazetted – राजपत्र (B) Immoral – अनैतिक
(C) Gratuity – उपदान (D) Import – आयात

**10. 'ABETMENT' का हिंदी पारिभाषिक शब्द है—**
[PSI • 06.04.2026 (Morning Shift)]
(A) दुष्प्रेरण (B) परित्याग
(C) दुष्प्रेरक (D) अपहरण

**11. 'VERDICT' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है—**
[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) पूर्वमत (B) न्याय
(C) अधिमत (D) आधार

**12. 'RESOLUTION' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है—**
[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) मामला (B) निलंबन
(C) संकल्प (D) निविदा

**13. 'REPRODUCTION' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द नहीं है—**
[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) पुनरुत्पादन (B) प्रतिलिपि
(C) प्रतिकृति (D) प्रतिक्रिया

**14. 'LEGISLATURE' पारिभाषिक शब्द का हिन्दी पारिभाषिक रूप है—**
[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) विधानमंडल (B) मंत्रिमंडल
(C) मंत्रिपरिषद (D) कार्यपालिका

**15. 'COMMUNIQUE' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है—**
[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) विज्ञप्ति (B) निविदा
(C) अधिसूचना (D) कार्यालय आदेश

**16. 'COMPOSITION' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द नहीं है—**
[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) रचना (B) संघटन
(C) गठन (D) घटक

**17. 'PURSUIT' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द नहीं है—**
[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) प्रयोज्य (B) खोज
(C) कामकाज (D) अनुसरण

**18. निम्नलिखित पारिभाषिक शब्द में से कौन सा विकल्प सुमेलित नहीं है?**
[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) Monogram – गुंफाक्षर (B) Monogamy – स्मारक
(C) Monopoly – एकाधिकार (D) Monotony – एकरसता

**19. अंग्रेजी के हिन्दी पारिभाषिक शब्द की दृष्टि से असंगत विकल्प है—**
[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) Probation – संभाव्य (B) Postpone – मुल्तवी करना
(C) Adjourn – स्थगित करना (D) Proceedings – कार्यवाही

**20. पारिभाषिक शब्दों में कौन सा विकल्प सुमेलित है?**
[PSI • 05.04.2026 (Morning Shift)]
(A) Sovereign – संप्रभुता (B) Stipulation – परिनियम
(C) Superficial – अधीक्षण (D) Solemn – सत्यनिष्ठा

**ऐच्छिक** होता है। यहाँ दोनों के हिन्दी अर्थ परस्पर बदल दिए गए हैं। युग्म 1 **Defamation (मानहानि)** और 2 **Defalcation (गबन)** पूर्णतः सही हैं।

**90. [C]** युग्म 1, 2 और 3 पूर्णतः सही सुमेलित हैं। **Audit (लेखा परीक्षा)**, **Balance Sheet (तुलन पत्र)** और **Ledger (खाताबही)** वित्तीय शब्दावली के मानक अर्थ हैं। युग्म 4 गलत है क्योंकि **Voucher** का सही प्रशासनिक एवं वित्तीय अर्थ **प्रमाणक** होता है। **रसीद** के लिए अंग्रेजी में **Receipt** शब्द का प्रयोग किया जाता है।

**91. [A]** कर्मचारी के सेवाकाल में सर्वप्रथम वह अपने पद पर **Joining (कार्यग्रहण)** करता है। उसके पश्चात उसे एक निश्चित अवधि के लिए **Probation (परिवीक्षा)** पर रखा जाता है। परिवीक्षा काल सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर उसका **Confirmation (स्थायीकरण)** किया जाता है और सेवाकाल के अंत में आयु सीमा पूरी होने पर उसकी **Superannuation (अधिवार्षिकी)** या सेवानिवृत्ति होती है।

**92. [B]** वित्तीय शब्दावली में **Deficit** का अर्थ **घाटा** (आय से अधिक व्य) होता है। **Depreciation** का अर्थ संपत्तियों के मूल्य में होने वाली कमी अर्थात **मूल्यह्रास** है। **Dividend** कंपनियों द्वारा अपने शेयरधारकों को दिया जाने वाला **लाभांश** है तथा **Revenue** का तात्पर्य सरकार या संस्था की आय अर्थात **राजस्व** से है।

**93. [C]** कथन 1, 2 और 3 पूर्णतः सही हैं। कथन 4 असत्य है क्योंकि **Supersede** का प्रशासनिक अर्थ **अतिक्रमण करना** या किसी पूर्व आदेश/व्यक्ति का **स्थान लेना** होता है (जैसे नए आदेश ने पुराने आदेश को supersede कर दिया)। अधीनस्थ होने के लिए **Subordinate** शब्द का प्रयोग होता है।

**94. [D]** विकल्प (D) का युग्म असंगत है। **Corrigendum** का सही प्रशासनिक अर्थ **शुद्धिपत्र** (किसी प्रकाशित सामग्री में त्रुटि सुधार हेतु जारी पत्र) होता है। **अनुक्रमणिका** के लिए अंग्रेजी में **Index** शब्द का प्रयोग किया जाता है। अन्य तीनों विकल्प **Annexure (अनुलग्नक)**, **Enclosure (सहपत्र/संलग्नक)** और **Appendix (परिशिष्ट)** दस्तावेजों के साथ जोड़े जाने वाले पत्रों के लिए सही प्रयुक्त होते हैं।

**95. [A]** कूटनीतिक और प्रशासनिक शब्दावली में **Protocol** का अर्थ **नवाचार** या **शिष्टाचार** होता है। **Liaison** का अर्थ दो विभागों या संस्थाओं के मध्य तालमेल बैठाने वाला **संपर्क** होता है। **Decorum** का अर्थ कार्यालयी या संसदीय **शालीनता** से है तथा **Privilege** का अर्थ विशिष्ट अधिकारियों या सदस्यों को प्राप्त **विशेषाधिकार** होता है।

**96. [C]** कानून निर्माण की प्रक्रिया में सर्वप्रथम विषय-वस्तु का **Drafting (प्रारूपण)** किया जाता है। इसके पश्चात विधायिका द्वारा उसे पारित कर उसका **Enactment (अधिनियमन)** किया जाता है। अधिनियमित होने के पश्चात आम जनता की सूचनार्थ इसे **Gazette Notification (राजपत्र अधिसूचना)** के माध्यम से प्रकाशित किया जाता है और अंतिम चरण में उस कानून का **Enforcement (प्रवर्तन)** सुनिश्चित कर उसे लागू किया जाता है।

**97. [B]** कथन 1, 2 और 4 पूर्णतः सत्य हैं। कथन 3 असत्य है क्योंकि **Dissolution** का सही पारिभाषिक अर्थ **विघटन** (जैसे विधानसभा या लोकसभा का विघटन) होता है। संसदीय शब्दावली में **संकल्प** के लिए अंग्रेजी में **Resolution** शब्द का प्रयोग किया जाता है।

**98. [A]** वित्तीय शब्दावली में **Contingency** का अर्थ **आकस्मिकता** (भविष्य की अनिश्चित घटना या व्यय) होता है। **Liquidation** का अर्थ किसी कंपनी या संस्था का **परिसमापन** (बंद होना और संपत्तियों का निस्तारण) है। **Tariff** का प्रयोग कर या **प्रशुल्क** के लिए होता है तथा **Mortgage** का अर्थ ऋण के बदले संपत्ति **बंधक** रखना होता है।

**99. [A]** न्यायिक प्रक्रिया में सर्वप्रथम संबंधित व्यक्ति या पक्षकार को न्यायालय या अधिकरण द्वारा **Summon (समन या बुलावा पत्र)** भेजा जाता है। इसके पश्चात निर्धारित तिथि पर मामले की **Hearing (सुनवाई)** होती है। तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर अंततः **Verdict या Judgment (निर्णय)** सुनाया जाता है। यदि कोई पक्ष निर्णय से असंतुष्ट है, तो वह उच्च न्यायालय में **Appeal (अपील)** कर सकता है।

**100. [C]** विकल्प (C) का युग्म असंगत है। **Disparity** का सही प्रशासनिक अर्थ **विषमता** या **असमानता** (जैसे वेतन विषमता – Wage Disparity) होता है। **समता** या समानता के लिए अंग्रेजी में **Parity** शब्द का प्रयोग किया जाता है।

दक्ष की पुस्तकें Online Order करने के लिए www.dakshbooks.com पर जायें



















DAKSH PUBLICATIONS
(A Unit of College Book Centre)
A-19, Sethi Colony, Jaipur (Raj.)
Contact : 98291-49659

Code No. D-968 | ₹ 390/-

इस पुस्तक को ONLINE खरीदने हेतु
WWW.DAKSHBOOKS.COM
पर ORDER करें
★ SPECIAL DISCOUNT + FREE DELIVERY ★